दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 205 जयपुर, गुरुवार, 04 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## बदरा बरसे- मन हरसे... सड़कें लबालब

**बेधड़क** | जयपुर


प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग की माने तो मानसून ने अब पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। इधर, बुधवार शाम को प्रदेश में अचानक मौसम बदला। जयपुर सहित 4 जिलों में बुधवार शाम काली घटा छा गई। थोड़ी ही देर बाद तेज बारिश हुई। राजधानी जयपुर में हुई अच्छी बारिश से शहर की सड़कें लबालब हो गई। निचले इलाकों में पानी भर गया। शहर के राजापार्क, चांदपोल, टोंक रोड, मुरलीपुरा, गोपालपुरा, वैशाली नगर सहित कई इलाकों तेज बरसात हुई। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। इससे वाहन चालकों परेशानी का सामना करना पड़ा। जयपुर के दिन के पारे में 2.3 डिग्री और रात के तापमान में 0.6 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 37.8 और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

धौलपुर जिले में 4 जुलाई को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया गया है, जबकि भरतपुर, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, अजमेर में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के अलावा शेष सभी जिलों (जैसलमेर, बाड़मेर को छोड़कर) में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 5 जुलाई को भरतपुर, धौलपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि दौसा, अलवर, करौली, झुंझुनूं, चूरू, सीकर में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं शेष सभी जिलों में (जैसलमेर, बाड़मेर को छोड़कर) हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। (पेज 3 भी देखें)

## जरूरी खबर

### आडवाणी की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ गई है। आडवाणी को बुधवार रात 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें न्यूरो से संबंधित परेशानी है। इस वजह से न्यूरोलॉजी के विशेषज्ञ डॉ. विनीत सूरी के देखरेख में इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पिछले महीने 26 जून को भी उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। यूरोलॉजी से संबंधित उन्हें परेशानी थी।

### हाथरस दुखांतिका की होगी न्यायिक जांच: सीएम योगी



**हाथरस।** हाथरस में सत्संग के बाद हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों से मुलाकात के बाद घोषणा की कि इस पूरे हादसे की न्यायिक जांच कराई जाएगी। वहीं SDM ने डीएम को रिपोर्ट सौंपी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाथरस के जिला अस्पताल में भर्ती घायलों और पीड़ितों का हाल जानने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसे की जांच के लिए एसआईटी गठित की जा रही है।
(पेज 8 भी देखें)

### बजरी माफिया ने हेड कांस्टेबल को मार डाला

**टोंक।** जिले में बजरी माफियाओं ने ट्रैक्टर चढ़ाकर एक पुलिसवाले की हत्या कर दी। इसके बाद ड्राइवर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार हो गए। टोंक में कोतवाली थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे एक हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा और उनकी जीप को अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उसकी मौत मौत हो गई।
(पेज 2 भी देखें)

### ‘हिंदू हिंसक नहीं हो सकता’ लिखा बैनर लपेटकर पहुंचे विधायक

# राजस्थान विधानसभा तक राहुल के बयान का विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की 16वीं विधानसभा का दूसरा सत्र बुधवार से शुरू हो गया। विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के बयान का असर दिखाई दिया, वहीं नेता प्रतिपक्ष ने संविधान का हवाला देकर राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज करवाने की बात कही। इसके बाद सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष में बहस हुई। कुछ देर हंगामा हुआ। टीकाराम जूली ने माइक बंद करने का आरोप लगाया।

विधानसभा का दूसरा सत्र बुधवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। राष्ट्रगान के तुरंत बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली खड़े हुए और राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज नहीं होने पर संविधान का उल्लंघन होने की बात कही। इस पर सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने दखल देकर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। संसदीय कार्यमंत्री जोराराम पटेल ने कहा कि किसी भी साल का पहला सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होता है। यह दूसरा सत्र है, इसलिए बिना राज्यपाल के अभिभाषण के सत्र का आगाज किया गया है। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से एक बार फिर नारेबाजी शुरू हो गई। हंगामे के बीच बागीदौरा से उपचुनाव में जीते भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को शपथ दिलाई गई। सत्र के दौरान कोटा के सांसद ओम बिरला के लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने पर विधानसभा में उन्हें बधाई दी गई।



### स्पीकर ने सदस्यों को दिलाई शपथ

विधानसभा में बुधवार को स्पीकर वासुदेव देवनानी ने अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के मौके पर प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की सदस्यों को शपथ दिलाई गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को समझते हुए संवेदनशील होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करें। प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के बने अथवा बायोडीग्रेडेबल बैग का इस्तेमाल करें। उन्होंने सभी सदस्यों से प्लास्टिक बैग्स का न्यूनतम प्रयोग, इसके उचित निस्तारण के लिए संवेदनशील होने तथा अपने आस-पास के लोगों को भी प्लास्टिक बैग के कम से कम उपयोग और पर्यावरण पर प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।



### राहुल गांधी को मांगनी चाहिए माफी

खंडार से बीजेपी विधायक जितेंद्र गोठवाल ‘हिंदू हिंसक नहीं हो सकता’ लिखा बैनर लपेटकर विधानसभा पहुंचे। बीजेपी विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा के अंदर जिस तरह वक्तव्य दिया कि हिंदू हिंसक है, उनकी आंख खोलने के लिए यह ड्रेस पहन कर आया हूं। गोठवाल ने कहा कि हिंदू कभी हिंसक नहीं रहा। ऐसे बयान देने वालों को पहले सोचना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

## राज्यपाल मिश्र से मुलाकात



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को सच बेधड़क मीडिया के ग्रुप फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा और मैनेजिंग एडिटर एंड जनरल मैनेजर दशरथ सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सच बेधड़क मीडिया के ग्रुप की ओर से सामाजिक सरोकार की दिशा में किए जा रहे नवाचार और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही सोशल मीडिया के दुरुपयोग, सांस्कृतिक परिवेश में अपेक्षित सुधार तथा सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के संदर्भ में किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। ग्रुप फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने राज्यपाल कलराज मिश्र से धर्म शास्त्रों के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्व के साथ ही आध्यात्मिक विषय पर भी गहन चर्चा की।*

### जस्टिस चंद्रशेखर का राजस्थान हाई कोर्ट में ट्रांसफर



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को एक ओर न्यायाधीश मिल गया हैं। झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस. चंद्रशेखर का राजस्थान हाई कोर्ट में ट्रांसफर हुआ हैं। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी हैं। जस्टिस एस चंद्रशेखर के ट्रांसफर होकर यहां आने के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 33 हो जाएगी। जस्टिस एस चंद्रशेखर 17 जनवरी 2013 को झारखंड हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त हुए थे।

### राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोले पीएम मोदी...

## ‘पांच साल में गरीबी की लड़ाई में होंगे विजयी’

**बेधड़क** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्वास जताया कि उनके इस तीसरे कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगी और इस दौरान भारत गरीबी की लड़ाई में भी जीत हासिल करेगा। मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर करीब 20 घंटे हुई चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि हमारी संसदीय परंपरा में बहुत वर्षों बाद देश की जनता ने एक सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। 60 वर्षों के बाद फिर से एक ही सरकार की वापसी हुई है।



### पेपर लीक बड़ी प्रॉब्लम

बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है और इसके समाधान के लिए सबको दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रयास करना होगा। उन्होंने दोहराया कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कतई नहीं बख्शेगी और इस संबंध में देश भर में गिरफ्तारियां की जा रही हैं।

### पेपरलीक प्रकरण

# हॉकर बनकर फ्लैट में पहुंची पुलिस टीम और दो सरगना दबोचे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पेपर लीक कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तीन सरगनाओं को पकड़ने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जोधपुर आईजी विकास कुमार ने बताया कि पेपर लीक के इनामी बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा तीन अलग-अलग ऑपरेशन चलाए गए। इसमें मुख्य आरोपी ओपी विश्नोई के लिए ऑपरेशन ‘शिवबंगा’, आरोपी सुनील के लिए ऑपरेशन ‘डीप ब्लू’ और आरोपी शम्मी को पकड़ने के लिए ऑपरेशन ‘राजवृक्ष’ चलाया गया। आरोपियों



को पकड़ने के लिए हैदराबाद और बरसाना में पुलिस की टीमों ने पिछले 2 महीने से डेरा डाल रखा था। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश ढाका, सुनील बेनीवाल को हैदराबाद और महिला आरोपी शम्मी विश्नोई उर्फ छम्मी को यूपी के बरसाना से गिरफ्तार किया है। खास बात ये है कि परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने वाली सरकारी महिला टीचर आरोपी शम्मी विश्नोई ने फरारी के दौरान अपने पाप का प्रायश्चित करने के लिए बरसाना की गलियों को अपना ठिकाना बना लिया था, वहीं, मुख्य आरोपी ओपी ढाका और सुनील हैदराबाद में एक फ्लैट पर मौज-मस्ती कर रहे थे, जिन्हें जोधपुर स्पेशल साइक्लोनर टीम ने अलग-अलग ऑपरेशन चला अनूठे तरीके से धरदबोचा। गौरतलब है कि प्रदेश में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा से लेकर 6 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कर फरार हुए ये तीनों आरोपी पेपरलीक माफिया जगदीश विश्नोई गैंग से जुड़े हैं। इसमें ओमप्रकाश ढाका मुख्य आरोपी है, जो गैंग चलाने वाला हैंडलर है। दूसरा आरोपी सुनील बेनीवाल डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षाओं में बैठता था और उसके साथ महिला आरोपी शम्मी विश्नोई जो पेशे से सरकारी टीचर थी, वो भी अभ्यर्थियों से लाखों रुपए लेकर कई परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बनकर युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने का काम करती थी। इतना ही नहीं, महिला आरोपी शम्मी विश्नोई बालोतरा पुलिस थाने की मोस्ट वांटेड भी है, लेकिन जब उसके पाप का घड़ा भर गया तो पति को छोड़ बरसाना निकल पड़ी, जहां वह धार्मिक यात्राओं में पूजा-पाठ करने और गायों की सेवा में लीन हो गई।

### पुलिस को भी बदलने पड़े कई भेष



पुलिस टीम को ओपी ढाका और सुरेश बेनीवाल के हैदराबाद में एक फ्लैट में छुपे होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की टीम रेकी कर गैस सिलेंडर की सप्लाई देने के बहाने फ्लैट में घुसी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि महिला आरोपी शम्मी विश्नोई को पकड़ने के लिए पुलिस ने श्रद्धालुओं का भेष रखा और धार्मिक यात्राओं पर नजर रखी। इसी दौरान शम्मी विश्नोई को बरसाना में गायों की शोभायात्रा में आरती और मंदिरों में भजन-कीर्तन करते हुए देखा गया, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया।

**जरूरी खबर**

## राजस्थान विधानसभा में नई लिफ्ट का शुभारम्भ



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को विधानसभा में लगाई गई नई लिफ्टों का शुभारम्भ किया। देवनानी ने लिफ्टों का फीता खोलकर शुभारम्भ किया। वे लिफ्ट से चतुर्थ तल पर जाकर आए। इस मौके पर उनके साथ विधायकगण मौजूद थे।

## विवेकानन्द मॉडल स्कूल में आवदेन 12 जुलाई तक

**चाकसू।** कस्बें में स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश प्रक्रिया चालू हो गई है। प्रधानाचार्या अनीता मीना ने बताया कि विभागीय दिशा निर्देशानुसार सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश के लिए 5 जुलाई से 12 जुलाई तक आवेदन जमा किये जाएंगे। आवेदन पत्र का कार्यालय समय में विद्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के लिए 40 सीटें निर्धारित है। 16 जुलाई को लॉटरी से प्रवेश दिये जायेंगे। 22 जुलाई से नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन प्रारंभ होंगा। विद्यालय के प्रवेश प्रभारी लक्ष्मी नारायण मौर्य के अनुसार प्रथम कक्षा में 6 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जुलाई है।

## एसीएस ने की मौसमी बीमारियों की समीक्षा



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मौसमी बीमारियों पर रोकथाम का प्रभावी प्रबंधन किया जाए। इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहे। उन्होंने अधिक प्रभावित जिलों में जिला कलक्टरों के माध्यम से अन्तर्विभागीय समन्वय करते हुए बचाव एवं नियंत्रण के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. प्रवीण असवाल, उप निदेशक मलेरिया डॉ. निर्मला शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**बजरी माफिया बेखौफ: टोंक में हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा की हत्या पर दलित संगठनों में गुस्सा**

# हेड कांस्टेबल को टैक्टर-ट्रॉली से कुचल कर मार डाला

**बेधड़क** | टोंक/जयपुर

टोंक जिले के कोतवाली थाना इलाके में बजरी माफिया ने अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मारकर हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग गया। कुछ घंटे बाद आरोपी को पकड़ लिया गया।

कोतवाली थाने के सीआई भंवरलाल वैष्णव ने बताया कि कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा (35) और ड्राइवर जीतराम डायल नंबर 112 वाहन (गश्त वाहन) लेकर मंगलवार शाम को सिंधी श्मशान मोड़ पर खड़े थे। शाम करीब



5.45 बजे बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी। पुलिस की गाड़ी के पास खड़े हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का इशारा किया। ड्राइवर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकी नहीं और पुलिस जीप के साथ ही हेड कांस्टेबल खुशीराम को कुचल दिया। इसके बाद ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घायल हेड कांस्टेबल खुशीराम को लहूलुहान हालात में सआदत अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी राजेश विद्यार्थी और अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायल हेड कांस्टेबल की स्वास्थ्य की जानकारी ली। हेड कांस्टेबल की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर किया गया। एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मंगलवार रात करीब 11.30 बजे घायल हेड कांस्टेबल ने दम तोड़ दिया। हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना मिलने के बाद उनके घर में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### एसएमएस अस्पताल में मोर्चरी के बाहर चला धरना

हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा की हत्या पर अनुसूचित जाति वर्ग में आक्रोश दिख रहा है। बैरवा समाज में भी आरोपियों के प्रति गहरा गुस्सा है। इधर, मामले में एसएमएस अस्पताल के बाहर दिनभर दलित संगठनों ने हेड कांस्टेबल को शहीद का दर्जा देने सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते रहे। डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के वरि. उपाध्यक्ष बीएल बैरवा और महासचिव ने सीएम के नाम अलग-अलग पत्र लिखकर हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा हत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने तथा एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग रखी।

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

हेड कांस्टेबल खुशीराम बैरवा किसान परिवार से थे। तीन भाइयों में वे सबसे छोटे थे। खुशीराम के 2 बेटे और 1 बेटी है। बड़ा बेटा हिमांशु 5 साल का है। उससे छोटी बेटी गरिमा 3 साल और सबसे छोटा बेटा डेढ़ महीने का है, जिसका अभी तक नाम भी नहीं रखा गया है। साल 2008 में खुशीराम पुलिस में भर्ती हुए थे। 2011 में निवाई क्षेत्र के बिछपुड़ी गांव में उनकी शादी हुई थी।

### सरकार को भेजी मांग

कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि हेड कांस्टेबल की ट्रैक्टर-ट्रॉली से मौत मामले में लोगों ने ज्ञापन दिया है। इस मामले में नियमानुसार पीड़ित परिवार को मदद की जाएगी। कलेक्टर की अभिशंषा पर हेड कांस्टेबल के बच्चों को अच्छी स्कूल में एडमिशन दिलाया जाएगा। जो मांगें राज्य स्तर पर पूरा होने की है, वे जयपुर भेज दी है।

**जयपुर, जोधपुर व कोटा में ध्वनि प्रदूषण पर अध्ययन जारी**

# नॉइज-बुलेटिन जारी कर ध्वनि प्रदूषण पर रखी जा रही निगरानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने कहा कि वायु व जल प्रदूषण की तरह ही ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना मंडल की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में ध्वनि प्रदूषण से मानव और सामाजिक स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले दुष्प्रभावों और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संभावित उपायों से आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करना होगा ताकि मानवीय और वन्य जीवन को वायु व जल प्रदूषण के साथ ध्वनि प्रदूषण से भी सुरक्षित किया जा सके।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन बुधवार को जयपुर स्थित मंडल मुख्यालय में सीएसआईआर-सीआरआरआई , नई दिल्ली के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. नसीम अख्तर द्वारा नॉइज़ मैपिंग, हॉट स्पॉट्स आइडेंटिफिकेशन व मिटिगेशन प्लान फॉर कण्ट्रोल ऑफ़ नॉइज़ पॉल्यूशन फॉर जयपुर" विषय पर दिए गए पीपीटी प्रस्तुतीकरण के दौरान सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान सदस्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल द्वारा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इस ओर विशेष पहल करते हुए मंडल की वेबसाइट पर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति माह नॉइज़ बुलेटिन जारी किया जा रहा है।

जिसके तहत ध्वनि प्रदूषण वाले क्षेत्रों का सैंपल एकत्रित कर उनका मापन कर ध्वनि प्रदूषण का स्तर जारी किया जा रहा है ताकि ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव से बचने के लिए संभावित उपाय किए जा सके। इस दौरान सदस्य सचिव ने मौजूद रेलवे, ट्रैफिक, जयपुर प्रशासन, एनएचएआई, जेडीए, रीको सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों से विभागों द्वारा किये ध्वनि प्रदूषण के लिए किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान रेलवे, ट्रैफिक, जयपुर प्रशासन, एनएचएआई, जेडीए, रीको सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### ध्वनि प्रदूषण का करवाया जा रहा अध्ययन

इस दौरान सीएसआईआर-सीआरआरआई, नई दिल्ली के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. नसीम अख्तर ने अपने पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि किस प्रकार ध्वनि प्रदूषण मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि मांगलिक कार्यों के दौरान देर रात तक होने वाले शोर के अलावा ट्रैफिक लाइट पर होने वाली वाहनों की अनावश्यक हॉर्न की आवाज़, व्यापारिक संस्थानों में जनरेटर से होने वाले शोर से न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर दिखाई दे रहा है। जिसके लिए शीघ्र ही सम्बन्धी विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### ट्रैफिक ध्वनि प्रदूषण का बड़ा कारण

डॉ. नसीम अख्तर ने बताया कि अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि जयपुर, जोधपुर एवं कोटा शहर में ध्वनि प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत वाहनों के कारण होने वाले ट्रैफिक पाया गया है। वहीं ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हॉटस्पॉट्स की पहचान कर ली गई है। इस संबंध में संबंधित विभागों से 20 जुलाई तक सुझाव आमंत्रित किए गए है। जिनके आधार पर शीघ्र ही रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाकर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकेंगे।

### 20 लाख से अधिक लगाए जाएंगे पौधे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नतृत्व में प्रदूषण मुक्त राज्य एवं हरित राज्य की संकल्पना को साकार करने के क्रम में लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहे है ताकि आने वाली पीढ़ी को बेहतर कल के साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण दिया जा सके। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत जहां व्यापक स्तर पर राज्य भर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। वहीं एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाए गए पौधों से भावनात्मक जुड़ाव के तहत संरक्षण एवं संवर्धन की ओर भी विशेष पहल की गयी है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि राज्य को प्रदूषण मुक्त एवं हरित राज्य के रूप में एक आदर्श राज्य स्थापित करने के लिए अन्य विभागों एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से सार्थक प्रयास किये जा रहे है। जिसके तहत अब मंडल द्वारा राज्यभर में क्षेत्रवार 20 लाख से अधिक पौधे लगाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह पौधे मुख्यतया उद्योगों एवं उनके आस पास वाले क्षेत्र में लगाए जाएंगे ताकि औद्योगिक गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण से आस पास के क्षेत्रों को प्रदूषण मुक्त किया जा सके। यह कार्य आमजन, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य हितधारकों के माध्यम से किया जायेगा। जिसके लिए सम्बंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए है। उल्लेखनीय है कि मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अपने घर, कॉलोनी एवं कार्यालयों को हरित बनाये रखने के उद्देश्य से न केवल पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है बल्कि आमजन को भी जागरूक करने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है।



**उपमुख्यमंत्री ने जानी राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्ययोजना की प्रगति**

# सड़क सुरक्षा के लिए 10 वर्ष का एक्शन प्लान वाला राजस्थान पहला राज्य



**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां योजनाबद्ध तरीके से सड़क सुरक्षा के लिए आगामी 10 वर्षों के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके तहत आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रावधानों के प्रति जागरुक कर एवं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना में व्यावहारिक परिवर्तन लाने की दिशा में काम किया जाएगा।

इसका लक्ष्य प्रदेश में 2030 तक सड़क हादसों में लगभग पचास प्रतिशत की कमी लाना रखा गया है। उपमुख्यमंत्री बुधवार को परिवहन मुख्यालय पर राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्य योजना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने अपर परिवहन आयुक्त निधि सिंह द्वारा आगामी दस वर्षों के लिए तैयार राज्य सड़क सुरक्षा रणनीति एवं कार्य योजना पर प्रेजेंटेशन का अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी, परिवहन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वन विभाग सहित सभी हितधारक विभागों को एक साथ सामंजस्य रख सड़क सुरक्षा के लिए काम करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ल्ड बैंक की सहायता से विभिन्न देशों में सड़क सुरक्षा को लेकर अपनायी जा रही सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों को समायोजित कर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्ययोजना को तैयार किया जा रहा है। इस कार्ययोजना का क्रियान्वयन तीन चरणों में किया जाएगा। जिसने प्रथम चरण 2025 से 2027, द्वितीय चरण 2027 से 2030, तृतीय चरण 2030 से 2033 के मध्य संचालित किया जाएगा। जिसके बाद इस कार्ययोजना की समीक्षा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की जा रही यह कार्ययोजना सरकार के 100 दिवसीय कार्ययोजना का हिस्सा है। जिसके क्रियान्वयन को लेकर सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्यसचिव श्रेया गुहा, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## राजस्थान विवि में सेकंड मेरिट कट ऑफ लिस्ट जारी

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में यूजी प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए महाराजा कॉलेज, महारानी कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज, राजस्थान कॉलेज और राजस्थान विश्वविद्यालय में संचालित सीसीटी, बीपीए, बीवीए में प्रवेश की दूसरी मेरिट कटऑफ लिस्ट बुधवार को जारी की गई। कट ऑफ लिस्ट में आने वाले छात्रों को 4 जुलाई से 6 जुलाई तक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन होने के बाद ऑनलाइन फीस जमा करानी होगी। छात्र 4 जुलाई से 7 जुलाई तक ऑनलाइन फीस जमा करा सकेंगे। फीस जमा नहीं होने पर प्रवेश खुद ब खुद निरस्त माना जाएगा। सेकंड मेरिट कट ऑफ लिस्ट में आए छात्र यदि दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन नहीं करवाते हैं या फिर फीस जमा नहीं करवाते हैं तो उन्हें प्रवेश के लिए आगे कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। कटऑफ विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध करवाई गई है।

**स्पीकर ओम बिरला ने नागर विमानन मंत्री के साथ की बैठक**

# दोनों सरकारों के समन्वय से शुरू होगा कोटा एयरपोर्ट

**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को संसद भवन स्थित अपने चैंबर में नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारियों से कोटा एयरपोर्ट के संबंध में चर्चा की। इस दौरान बिरला और सिविल एविएशन मिनिस्टर राममोहन नायडू ने कोटा के नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की डीपीआर जल्द बनाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारियों को निर्देशित किया। बिरला का कहना था कि हाड़ौती क्षेत्र के विकास के लिए कोटा में एयरपोर्ट जरूरी है।



बिरला ने अधिकारियों से कहा कि राजस्थान सरकार इसके निर्माण में आ रही समस्याओं को दूर कर रही है। केंद्र सरकार को भी अपने स्तर पर औपचारिकताएं जल्द पूरा करनी चाहिए। दोनों सरकारों को समन्वय बनाकर रखना होगा, तभी एयरपोर्ट का निर्माण जल्द शुरू होगा। बिरला ने बताया कि कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण होने के बाद एयरबस ए 320 विमान यहां उतर सकेंगे।

### अगले माह होगा राज्य सरकार से एमओयू

मंत्री नायडू ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और राज्य सरकार के बीच एमओयू पर अगले माह हस्ताक्षर हो जाएंगे। इसके बाद वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से एन्वायरोमेंटर क्लियरेंस सहित अन्य विभागों से एनओसी ली जाएगी। डीपीआर बने और एनओसी आने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू करवा दी जाएगी। टेंडर होने के बाद 2 साल के भीतरी निर्माण करवा कर एयरपोर्ट को शुरू कर दिया जाएगा। मंत्री नायडू ने कहा कि मंत्रालय का प्रयास रहेगा कि कोटा को देश के सभी प्रमुख शहरों के लिए फ्लाइट उपलब्ध हो। कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पर रनवे की लंबाई अब 3.5 किमी होगी।

### बिरला दुबारा बने लोकसभाध्यक्ष, विधानसभा की ओर से बधाई

**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के द्वितीय सत्र के पहले दिन बुधवार को विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधानसभा की ओर से लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष पद पर आसीन होने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि उनके निर्वाचन से राजस्थान विधानसभा का सदन गौरव एवं प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिरला को राजस्थान विधानसभा एवं लोकसभा का दो दशकों से अधिक का संसदीय अनुभव रहा है। बिरला कड़ी मेहनत, उत्साह और सकारात्मक सोच के चलते लोकसभा अध्यक्ष पद पर आसीन हुए है। सर्वसम्मति से उनका निर्वाचन स्वागत योग्य कदम है। देवनानी ने कहा कि 17वीं लोकसभा के सदन संचालन में बिरला की बेहतर भूमिका रही।

## कर्मचारी संघ में उपाध्यक्ष पद का किया मनोनयन

**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सिविल लाइन स्थित कार्यालय मे संघ में उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन के लिए अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। संघ के सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया कि विभाग के जयपुर स्थित सभी उपखण्ड, खण्ड, वृत, क्षेत्रीय एंव मुख्यालय स्थित कार्यालयो से सैकड़ो की तादाद में कर्मचारी बैठक में उपस्थित हुए। संघ का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष के पद पर राजन अग्रवाल, दुर्गा सिंह चौहान, योगेश कुमार शर्मा, पवन कुमार सैनी, मोहम्मद यूनुस, मोहित बोहरा को सर्वसम्मति से चुना गया। इस उपलक्ष्य में जलदाय विभाग के सहायक अभियंता मधुसूदन लाडना, बुद्धि प्रकाश जांगिड़ ने माल्यार्पण कर सभी उपाध्यक्ष का स्वागत किया। अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रूप से संघ के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, सलाहकार समिति के सुशील कुमार शर्मा, बाबूलाल खाती, छगनलाल मीणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, करुणा निधि गुप्ता, मुरलीधर बसरानी, संयुक्त सचिव राजेंद्र गुर्जर, प्रवक्ता मनीष सैनी सहित सैकड़ो कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानसून मेहरबान... सड़कें बहीं दरिया सी... महापौर ने किया जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा





*जयपुर। राजधानी बुधवार देर शाम अचानक मौसम बदला और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, जो रात तक जारी रही। बारिश के कारण शहर की मुख्य सड़कों पर पानी भर गया। कई जगह वाहन पानी में फंस गए। सड़कों पर जाम लग गया। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, शहर में भारी बारिश के बीच हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर राउंड पर निकलीं। इस दौरान उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों सोडाला रांकड़ी, हसनपुरा, लंकापुरी, पुरानी बस्ती, रामगढ़ मोड़ का दौरा किया। निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को फिल्ड में रहने के निर्देश देने के साथ ही महापौर बाढ़ एवं आपदा राहत नियंत्रण कक्ष भी पहुंचीं। महापौर के साथ निगम अधिकारी, जोन उपायुक्त और अधिशाषी अभियंता भी रहे। उन्होंने लोगों की शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।*

## जरूरी खबर

### पंडित पुरुषोत्तम गौड़ मलेशिया में करेंगे गुरुपूजन



**जयपुर।** ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ 4 जुलाई से 9 जुलाई तक कुआलालंपुर सिटी सेंटर, मलेशिया में गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों द्वारा रखे गए गुरु पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान पंडित गौड़ अपने शिष्यों को कंठी, गुरुमंत्र देंगे। ज्योतिष व भारतीय धर्म संस्कृति पर अपने शिष्यों को सम्बोधित करेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ हैडाखान बाबाजी उत्तराखंड के शिष्य हैं। पंडित गौड़ के शिष्य लंदन ,अमेरिका सहित कई देशों में गुरु पूर्णिमा पर ऑनलाइन भी गुरु पूजन करेंगे।

### रामगंज बाजार से घाटगेट तक हटाए अस्थाई अतिक्रमण



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने बुधवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच ट्रक सामान जब्त किया और नौ हजार रुपए का चालान किया है। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता शाखा के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए रामगंज बाजार से घाटगेट बाजार तक अभियान चला कर अस्थाई अतिक्रमण हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक वैद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने पांच ट्रक सामान जब्त किया और नौ हजार रुपए का सामान जब्त किया है।

### बोर्ड कमिश्नर ने जारी किए आदेश, नई दरें 30 जून 25 तक रहेंगी प्रभावी

# HB के मकान हुए महंगे, सबसे ज्यादा रेट मानसरोवर में बढ़ाई

■ सबसे कम दर जयपुर की महल योजना में 205 रुपए प्रति वर्गमीटर बढ़ाई

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आवासन मंडल की योजनाओं के तहत आने वाले मकान अब महंगे हो गए हैं। आवासन मंडल ने सरकारी जमीनों का डीएलसी रेट बढ़ने से पहले अपनी आवासीय योजनाओं की जमीनों की आरक्षित दरों में बढ़ोतरी कर दी है। यह बढ़ोतरी 8 से 8.50 फीसदी तक की है, जो प्रदेश के 9 शहरों में लागू होगी। दरें बढ़ाने को लेकर बुधवार को हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर ने आदेश जारी किए। ये दरें 30 जून 2025 तक के लिए प्रभावी रहेंगी। हाउसिंग बोर्ड ने सबसे ज्यादा आरक्षित दर जयपुर के मानसरोवर में 2610 रुपए प्रति वर्गमीटर बढ़ाई है। वहीं, सबसे कम दर जयपुर की महल योजना में 205 रुपए प्रति वर्गमीटर बढ़ाई है। इसी प्रकार जोधपुर की विवेक विहार योजना में जमीन की आरक्षित दर 2060 रुपए प्रति वर्गमीटर बढ़ाई है।



फाइल फोटो

### प्रमुख योजनाएं : अब ये दरें की जाएंगी लागू

| आवासीय योजना (शहर) | पुरानी आरक्षित दरें (प्रति वर्गमीटर) | नई आरक्षित दरें (प्रति वर्गमीटर) | बढ़ोतरी (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| प्रताप नगर (जयपुर) | 17940 | 19465 | 1525 |
| वाटिका योजना (जयपुर) | 4505 | 4890 | 385 |
| महल योजना (जयपुर) | 2415 | 2620 | 205 |
| मानसरोवर (जयपुर) | 30705 | 33315 | 2610 |
| किशनगढ़ खोड़ा (अजमेर) | 7200 | 7815 | 615 |
| झुंझुनूं नई आवासीय योजना | 14445 | 15675 | 1230 |
| इंदिरा गांधी जगतपुरा (जयपुर) | 17875 | 19395 | 1520 |
| निवाई आवासीय योजना (टोंक) | 5390 | 5850 | 460 |
| डीटीओ नई आवासीय योजना, हनुमानगढ़ | 9340 | 10135 | 795 |
| हनुमानगढ़ पुरानी योजना | 8015 | 8700 | 685 |
| बड़ली योजना, जोधपुर | 4515 | 4900 | 385 |
| विवेक विहार, कुड़ी भगतासनी फेज-2 जोधपुर | 24195 | 26255 | 2060 |
| कुड़ी भगतासनी फेज-1 जोधपुर | 20470 | 22210 | 1740 |
| गोवर्धन विलास विस्तार, उदयपुर | 19695 | 21370 | 1675 |
| गणेश तालाब, तलवड़ी, विज्ञान नगर, कोटा | 13775 | 14950 | 1175 |
| ताऊसर रोड, नागौर | 9805 | 10640 | 835 |

#### 6 माह में दूसरी बार दरों में इजाफा

हाउसिंग बोर्ड ने 6 माह में दूसरी बार जमीनों की आरक्षित दरों में इजाफा किया है। इससे पहले इसी साल 19 जनवरी को आदेश जारी करके जमीनों की कीमतों में इजाफा किया था। बोर्ड ने अलवर, भिवाड़ी, दौसा, भरतपुर, सवाई माधोपुर और धौलपुर की स्कीम में इजाफा नहीं किया है। इन जिलों में मौजूद सर्किल ऑफिस से यहां की जमीनों की कीमतों को स्थिर रखने की सिफारिश की गई थी।

#### 9 शहरों में 3100 फ्लैट-मकान होंगे आवंटित

हाउसिंग बोर्ड ने मार्च में 9 अलग-अलग शहरों में आवासीय स्कीम लॉन्च की थी, जिनमें से कुछ स्कीमों के आवेदन 15 जुलाई तक भरे जाएंगे। इन सभी योजनाओं में मिलने वाले आवेदनों की लॉटरी इसी माह के आखिरी या अगस्त में निकाली जाएगी। इन सभी योजनाओं में अब मकानों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो जाएगी। हालांकि धौलपुर, भिवाड़ी की योजनाओं में इस बढ़ोतरी का कोई असर नहीं पड़ेगा। इस लॉटरी में इन योजनाओं के साथ ही जिन स्कीम के लिए अप्रैल-मई में आवेदन आए थे, उनको भी शामिल किया जा सकता है।


### 20 दिन बाद पिता को बताया तो FIR

# चाकू दिखाकर नाबालिग बच्ची से किया रेप

**बेधड़क** | जयपुर

नाबालिग बच्ची को चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला चित्रकूट थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पीड़ित बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आदित्य नाम के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बच्ची ने घटना के 20 दिन बाद पिता को जब इस बारे में बताया तो पिता बेटी को लेकर चित्रकूट थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया।

चित्रकूट थाना सीआई जहीर अब्बास ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है कि उसकी नाबालिग बच्ची के साथ आदित्य नाम के आरोपी ने रेप किया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए बच्ची का मेडिकल करवाया। वहीं, आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की। पीड़ित पिता ने शिकायत दी है कि 1 जुलाई को शाम को जब वह काम से घर लौटा तो बच्ची गुमसुम थी। पिता ने चुपचाप होने का कारण पूछा तो बच्ची ने इनकार कर दिया। पिता ने जब बच्ची को प्यार से परेशानी का कारण पूछा जिस पर बच्ची जोर-



जोर से रोने लगी और पिता से चिपक गई। बच्ची ने पिता को बताया कि 20 दिन पहले जब आप और मम्मी से चले गए थे, उसके बाद आदित्य दोपहर में घर आया। आदित्य ने घर में घुसने के बाद मेरे गले पर चाकू लगा दिया। चाकू लगाने के बाद जान से मारने की धमकी देने लगा और फिर रेप किया। चित्रकूट थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें ।


### अखिल भारतीय संत समिति और सर्व हिंदू समाज का प्रदर्शन

## राहुल के बयान पर माफी मांगे कांग्रेस

**बेधड़क** | जयपुर



अखिल भारतीय संत समिति और सर्व हिंदू समाज की ओर से बुधवार को बड़ी चौपड़ पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दू समाज के ऊपर दिए गए बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, वहीं कांग्रेसी नेताओं से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। इस दौरान अखिल भारतीय संत समिति राजस्थान के अध्यक्ष और विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में चुनकर आ तो गए, लेकिन उन्हें न तो सदन की मर्यादा का पता है, ना गरिमा का। सदन में हिंदुओं को लेकर दिए गए उनके बयान ने हिंदुस्तान ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के हिंदुओं का अपमान किया है। हिंदू हिंसक नहीं होता, बल्कि अहिंसा का पुजारी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने बयान पर माफी मांगे।

### शुभ एंटरप्राइजेज पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

## बिना फूड लाइसेंस चल रहा था वेयर हाउस

**बेधड़क** | जयपुर



पुरानी आगरा रोड पर डागा फार्म के पास वेयर हाउस शुभ एंटरप्राइजेज पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान भारी अनियमितताएं मिली। यह वेयर हाउस बिना फूड लाइसेंस के चल रहा था।

खाद्य आयुक्त इकबाल खान और अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल बुधवार को मेसर्स शुभ एंटरप्राइजेज पहुंचा। निरीक्षण के दौरान हाइजीन एवं सेनिटेशन संतोषजनक नहीं पाया गया। वेयर हाउस में रखे कई खाद्य उत्पाद अवधि पार के पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया। शेष खाद्य उत्पादों में से आशीर्वाद आटे का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया गया। जैम, सरसों तेल (फॉर्च्यून) व ब्रेकफास्ट सिरल्स के नमूने सर्विलांस जांच के लिए लिए गए, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पेस्ट कंट्रोल, स्वास्थ्य परीक्षण आदि से संबंधित मौके पर मिली कमियों पर धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद्र यादव, अवधेश गुप्ता, राजेश कुमार नागर तथा नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

### 330 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया, 50 हजार का चालान

# पहले माला पहनाई, फिर दिलाई सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं रखने की शपथ

**बेधड़क** | जयपुर

इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे के अवसर पर हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने विशेष अभियान चलाते हुए 330 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया है। हेरिटेज निगम उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि स्वास्थ्य शाखा की टीम ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। इस पर निगम टीम को परकोटे में गोपालजी के रास्ते में एक गोदाम में प्लास्टिक सामग्री रखी होने की सूचना मिली। इस पर निगमकर्मियों ने कार्रवाई करते हुए गोदाम से 300 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की, साथ ही गोदाम मालिक का 50 हजार रूपए का चालान भी किया। इसके अलावा एक अन्य दुकान पर 30 किलो प्लास्टिक भी जब्त की।



#### कपड़े या जूट के बैग उपयोग में लें

उपायुक्त स्वास्थ्य नरूका ने बताया कि निगम प्लास्टिक के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। ये पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसके दुष्प्रभाव से प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचता है। हमें प्लास्टिक थैली की जगह कपडे या जूट के बैग उपयोग में लेना चाहिए।



#### प्लास्टिक थैली रखने वालों को माला पहनाकर कर की समझाइश

वहीं, हेरिटेज निगम की ओर से इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे के अवसर पर सांगानेरी गेट सब्जी और फल मण्डी में समझाईश की गई। इस दौरान निगमकर्मियों ने ठेलों पर पॉलीथिन रखने वालों को माला पहनाकर समझाइश की। उनसे भविष्य में सिंगल यूज प्लास्टिक नहीं रखने की शपथ भी दिलवाई। वहीं, आदर्श नगर में प्लास्टिक बैग के खिलाफ जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में निगमकर्मियों ने लोगों को स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया।

## जरूरी खबर

### नए कानून पर जागरूकता अभियान प्रारंभ



**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से बुधवार को नए कानून के संबंध में जागरुकता अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि भारत में आपराधिक विधि के संबंध में 1 जुलाई से नए कानून लागू किए गए हैं। आमजन एवं अधिवक्ताओं के लिए आवश्यक जानकारी दी जार रही है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन चाकसू के अध्यक्ष एनएल शर्मा एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी जगमोहन मीना, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### राज्यपाल कलराज मिश्र आज सीकर आएंगे

**सीकर।** राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार को सीकर आएंगे। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि राज्यपाल मिश्र बुधवार को सुबह 9.40 बजे जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर 11.40 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। राज्यपाल मिश्र सुबह 11.50 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय पहुंचेंगे तथा विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल कलराज मिश्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर से अपराह्न 3.05 बजे राजभवन जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### अतिक्रमण पर नगरपालिका ने कसा शिकंजा



**चाकसू।** नगरपालिका प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए सक्रियता से कार्य आरंभ कर दिया है। नगरपालिका कनिष्ठ अभियंता राजेश बैरवा एवं स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही कस्बे के वार्ड 17 में मुख्य बाजार स्थित महाराणा प्रताप पार्क की पार्किंग भूमि पर अतिक्रमण करने के इरादे से डाले गए पत्थरों को नगरपालिका ने जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर लगाकर जब्त कर लिया है। साथ ही यहा अतिक्रमण करने वालों के लिए प्रशासन की चेतावनी है।

सब्जियों के भावों में एकाएक बढ़ोतरी से लोगों की रसोई का बिगड़ा बजट

# बारिश के मौसम में इतराई सब्जियां, आसमान छूने लगे भाव

**बेधड़क | कोटा**

बारिश के दौर के बीच सब्जियों का जायका बिगड़ने लग गया है। सब्जियों के भाव आसमान छूने लग गए हैं। बीते 15 से 20 दिनों में सब्जियों के भावों में काफी इजाफा हुआ है।

कुछ सब्जियों के दाम दुगने से भी ज्यादा बढ़ गए हैं। इसके चलते आम आदमी की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। टमाटर के दाम 120 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। आमतौर पर उपयोग में आने वाले आलू, प्याज भी 50 रुपए किलो से ज्यादा दामों पर मिल रहे हैं। दादाबाड़ी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वाले अशोक कुमार अग्रवाल का कहना है कि हर साल गर्मी के अंत और बारिश की शुरुआत में इस तरह के हालात बनते हैं, लेकिन इस बार दाम काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। खेड़ली फाटक से मंडी में सब्जी लेने आए प्रदीप गोयल का कहना है कि रसोई का पूरा बजट बिगड़ गया है। जहां एक महीने पहले 7 दिन में औसत सब्जी 500 रुपए के आसपास में लेकर जाते थे, अब ये बजट 1000 रुपए तक हो गया है।

### नई सब्जी नहीं आने तक कम नहीं होंगे दाम

सब्जी विक्रेता रवि प्रकाश सैनी का कहना है कि दाम ज्यादा हैं। इसके बावजूद भी पर्याप्त सब्जी नहीं मिल रही है। नॉर्मल सब्जियां भी इस बार महंगी हैं। गर्मी की वजह से आवक कम हो रही है, जब तक नई सब्जी नहीं आएगी, दाम कम नहीं होंगे। लोकल सब्जी बिल्कुल भी नहीं आ रही है। केवल नाम मात्र आ रही है, जिसमें गिलकी व अन्य सब्जियां शामिल हैं। डिमांड और सप्लाई में अंतर होने के चलते दाम बढ़े हुए हैं।

### 15 दिन में हो गए भाव दोगुने



अशोक कुमार अग्रवाल का कहना है कि टमाटर के भाव आठ दिन पहले 40 से 60 रुपए किलो थे। ये आज 80 से 120 रुपए पहुंच गए हैं। वह भी अच्छी क्वालिटी में नहीं आ रहा है। मिर्ची भी अच्छी नहीं आ रही है। धनिया का भी कोई दाम फिक्स नहीं है। धनिया 150 से 300 रुपए के बीच किसी भी भाव में बिक रही है। बीते साल आलू जहां पर 20 रुपए किलो था, आज 40 रुपए किलो से ज्यादा पहुंच गया है। प्याज के भी दाम भी इसी तरह से बढ़ गए हैं। नींबू इन दिनों 40 रुपए किलो मिलना चाहिए था, वह 80 रुपए किलो बिक रहा है। अभी भी कद्दू, लौकी, भिंडी, अरबी दुगने दाम पर हैं।

### पंद्रह अगस्त तक यही स्थिति रहेगी

सब्जी विक्रेता अशोक कुमार अग्रवाल का कहना है कि हर साल सब्जी के दाम में यह इजाफा होता है। दामों की 15 जून से 15 अगस्त तक यही स्थिति रहेगी। कभी बारिश आती है, तो कभी धूप निकलती है। इससे सब्जी की पौध के फूल झड़ जाते हैं। जहां पर एक बीघा में 10 टोकरी सब्जी उत्पादन होता है, उसकी जगह अब दो टोकरी सब्जी का उत्पादन हो रहा है। कोटा में पढ़ने वाले बच्चे भी रहते हैं और हॉस्टल भी यहां पर संचालित होते हैं, इसीलिए यहां पर सब्जी के दाम थोड़े ज्यादा रहते हैं।

दौसा में नेशनल हाईवे 21 पर हुआ बड़ा हादसा

# मैजिक टेंपो को वाहन ने मारी टक्कर, 3 की मौत... 13 घायल

**बेधड़क | दौसा**

खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस घर लौट रहे मैजिक टेंपो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, वाहन सवार 13 लोग गंभीर घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल दौसा और जयपुर में इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, हादसे का शिकार हुए मैजिक टेंपो में सवार लोग यूपी के हापुड़ और मुरादाबाद के निवासी थे।

मैजिक टेंपो में सवार हिमांशु ने बताया कि खाटूश्याम के दर्शन कर वो लोग वापस यूपी जा रहे थे। इस दौरान दौसा से आगे निकलते ही नेशनल हाईवे 21 पर स्थित गिर्राज धरण मंदिर के समीप आगे चल रहे केंटर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। ऐसे में केंटर को बचाने के चक्कर में उन्होंने उनका वाहन धीरे कर लिया, लेकिन तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने मैजिक टेंपो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी।

जिससे टेंपो आगे चल रहे दूसरे वाहन में घुस गया। वाहन में घुसने से ती लोगों की मौत व 13 जने घायल हो गए।



### वाहन चालक मौके से हुए फरार

इसके बाद आगे और पीछे चल रहे दोनों वाहन फरार हो गए। वहीं मैजिक टेंपो में सवार महिला बच्चों सहित करीब 17 लोग टेंपो में फंस गए। हादसे के दौरान टेंपो में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। ऐसे में किसी ने हादसे की सूचना कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद सदर थाना पुलिस जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### हादसे में मृतक और घायल

हादसे में घायल समंत्रा पत्नी ओमप्रकाश, छोटू लाल पुत्र जयपाल जाटव, टीटू पुत्र ओमप्रकाश जाटव, हिमांशु पुत्र मोनू जाटव, मचला पत्नी टीटू जाटव, दिव्या पुत्री टीटू जाटव, सोनाली पुत्री टीटू जाटव, सोनिया पत्नी राजकुमार जाटव, अतर सिंह, ओमप्रकाश, लवीश, राजकुमार, राधा और विद्या पुत्री वीरेंद्र कुमार सहित 16 घायलों का इलाज शुरू कर दिया गया। इस दौरान छोटू पुत्र जयपाल और समंत्रा पत्नी ओमप्रकाश की मौत हो गई। इसके बाद डॉक्टरों ने गंभीर घायल 4 लोगों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान घायल विद्या की भी मौत हो गई।

### टेंपो का केबिन हुआ चकनाचूर

हादसा इतना भीषण था कि मैजिक टेंपो का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ऐसे में मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला। हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश ने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग उत्तर प्रदेश के हापुड़ और मुरादाबाद के रहने वाले है। वहीं सभी लोग आपस में रिश्तेदार है। थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि हादसे में जान गवाने वाले मृतकों के शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं, जिनका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल, मैजिक टेंपो को टक्कर मारकर फरार हुए दोनों अज्ञात वाहनों की तलाश की जा रही है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को थाने में खड़ा किया गया है।

### बाइक सवार युवक की मौत



**खेतड़ी।** थाना इलाके के निजामपुर में बुधवार अल सुबह एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि रात करीब एक बजे सूचना मिली कि निजामपुर मोड़ पर एक युवक जख्मी पड़ा है और उसके सिर पर चोट आई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गोठड़ा निवासी राहुल (25) पुत्र रोहिताश गुर्जर के रूप में हुई।

बेंगू थाना व डीएसटी की बड़ी कार्रवाई

# तस्करी पर प्रहार... 423 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा चूरा जब्त

■ देशी कट्टा व 10 नंबर प्लेट सहित चालक पकड़ा

**बेधड़क | चित्तौड़गढ़**

जिला विशेष टीम और बेंगू थाना पुलिस की टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक इनोवा कार से 423 किलो 800 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा, एक देशी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित दो राज्यों के अलग-अलग जिलों की 10 नंबर प्लेट जब्त कर आरोपी चालक सवाई सिंह निवासी तांतवास (नागौर) हाल संत रविदास कॉलोनी, जोधपुर को गिरफ्तार किया है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि बेंगू थाना इलाके में बलवंत नगर से गोरला की तरफ आ रही इनोवा कार में मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर बेंगू थाना पुलिस को अवगत कराने पर थाने से उप निरीक्षक हमेर लाल मय टीम द्वारा गोरला पहुंच नाकाबन्दी की गई। कुछ ही देर में बलवंत नगर की तरफ से तेज गति से आ रही इनोवा कार का चालक पुलिस नाकाबंदी को तोड़ भागने लगा। इनोवा में दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस कर्मियों ने लगातार पीछा किया तो मेनाल से पहले हाईवे पर गाड़ी खड़ी कर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी चालक सवाई सिंह को पकड़ लिया। साथी राजू उर्फ खुमाराम जाट निवासी जाखड़ो की ढाणी (बाड़मेर) अंधेरे व जंगल का सहारा लेकर भाग गया। पुलिस ने इनोवा की तलाशी तो डैशबोर्ड के ऊपर से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस मिला। कार के पीछे की सीट नहीं थी, उसके स्थान पर 23 कट्टों में भरा हुआ 423 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा चूरा मिला। अवैध मादक पदार्थ व इनोवा जब्त कर पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। गाड़ी की तलाशी में पुलिस ने राजस्थान व गुजरात राज्य के कई जिलों की 10 नंबर प्लेट भी जब्त की है। आरोपी पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए अलग-अलग नंबर प्लेट काम में लेते थे। जिससे पुलिस को शंका न हो।




आगामी बजट प्रस्ताव में राहत की बात रखी

# राशन डीलर्स ने सीएम शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बेधड़क | चाकसू**

राशन डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में बुधवार को उपखण्ड के उचित मूल्य के दुकानदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम चाकसू उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में अवगत करवाते हुए लिखा है कि उचित मूल्य दुकानदारों का कमीशन देरी से एवं आधा मिलने की समस्या का समाधान करने, पूरा कमीशन अग्रिम भुगतान के साथ एक साथ देने, उपभोक्ताओं को डोर टू डोर खाद्य सामग्री वितरण के लिए वाहन की व्यवस्था करने, ई-केवाईसी के लिए डीलरों को प्रति यूनिट 10 रुपए देने, पूर्व में आधार सीडिंग का बकाया पेमेंट देने, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का जल्दी निस्तारण करने, राशन डीलरों को प्रतिमाह 30 हजार देने, राशन डीलरों के लिए जमीन का आवंटन निशुल्क करने, राशन डीलरों को मनरेगा में मेट की जिम्मेदारी देने एवं उचित मूल्य की दुकानों पर नॉन पीडीएस सामान क्षेत्र अनुसार वितरित किए जाने की स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। इस दौरान कजोड़ मल गुप्ता, वहीद मोहम्मद, कमल किशोर घीया, शकील मोहम्मद, सुरेंद्र फौजी, हनुमान लाभी, जगदीश चौधरी, गणेश शर्मा, अमित मालावत, हीरालाल मीना, रामकेश मीना सहित कई राशन डीलर्स मौजूद रहे।

सरकारी स्कूल में पानी पीते समय हुआ हादसा

# स्कूल में मोटर के तार से लगा करंट, बच्चे की मौत

**बेधड़क | झुंझुनूं**

जिले के धनुरी थाना क्षेत्र के सरकारी स्कूल में मिड-डे मील में खाने गए बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक कार्तिक (10) पुत्र बाबूलाल खेतड़ी का रहने वाला था। वह ननिहाल आया हुआ था।

कार्तिक बुधवार सुबह अपने साथियों के साथ सोनासर की गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिड-डे मील खाने के लिए गया था। इसी दौरान सुबह करीब 10:30 बजे हादसा हो गया। धनुरी थाने के एएसआई संत कुमार ने बताया कि बच्चे की करंट लगने से मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बच्चे के मामा संजय कुमार की ओर से रिपोर्ट दी गई है। जानकारी के अनुसार, कार्तिक स्कूल में बच्चों के साथ खेल रहा था। इस दौरान पानी पीने के लिए टंकी के पास गया। टंकी के पास पानी की मोटर लगी हुई थी। इस दौरान कार्तिक मोटर के तार को छू गया और उससे करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर गिर गया। हादसे के बाद स्कूल स्टाफ बच्चे को झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद मासूम का शव परिजन को सौंपा गया। जिस समय हादसा हुआ, वहां कार्तिक के साथ स्कूल के अन्य बच्चे भी खेल रहे थे। गनीमत रही कि वे करंट की चपेट में नहीं आए, अन्यथा हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती थी।



मनरेगा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा...

# 'हरित सीकर अभियान' की होगी विशेष मॉनिटरिंग

**बेधड़क | सीकर**

जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित राजीविका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने मनरेगा में लेबर एवं विकास कार्यों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में पंचायत समितिवार विकास कार्यों की संख्या, श्रमिकों की संख्या सहित जारी किए गए मस्टर रोल एवं कार्य प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पुरोहित को निर्देशित किया कि जिन पंचायत समिति की मनरेगा में प्रगति कम है वहां के बीडीओ को नोटिस जारी किया जाए। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुरोहित ने निर्देशित किया कि श्रमिकों की आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने बैठक में राजीविका के सखी कैफे एवं दूध कलेक्शन सेंटर तथा हाट बाजार एवं आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान कार्यों को पूर्ण करने में बकाया चल रहे टैक्स भुगतान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।



### 23 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य, लापरवाही पर कार्रवाई

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बैठक में कहा कि जिले में हरित सीकर अभियान के तहत 23 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने हैं, जिसके लिए ग्राम पंचायत वार लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य बहुत प्रमुखता से किया जाना है एवं इस संबंध में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में डीएफओ रामावतार दूधवाल, डीपीएम राजीविका अर्चना मौर्य, मनरेगा एक्सईएन रमजान अली, सभी पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने दांतारामगढ़ उपखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी बुधवार को दांतारामगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने दांतारामगढ़ उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा पंचायत समिति परिसर में हरित सीकर अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश देते हुए जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का फर्ज है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद नियमित रूप से उनकी सार-संभाल करनी चाहिए ताकि पौधे, वृक्ष का रूप ले सके। जिला कलेक्टर चौधरी ने आमजन से भी अपील की है कि हमे समय-समय पर पौधारोपण करना चाहिए और हमें लगाए गए पौधों की देखरेख भी करनी चाहिए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी दांतारामगढ़ गोविन्द सिंह भींचर, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी, कार्मिक मौजूद रहे।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन

# सिंचाई का पानी नहीं मिला तो करेंगे आंदोलन

**बेधड़क | जयपुर**

इंदिरा गांधी नहर के कई क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचने से खाजूवाला के किसान नाराज है। किसानों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर नहर में रेगुलेशन को सही करने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि समय रहते रेगुलेशन सही नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

केडब्ल्यूएम चक के किसानों ने एक पत्र उपखंड अधिकारी को सौंपा है, जिसमें लिखा है कि केडब्ल्यू माइनर का नया निर्माण हो रहा है, जो आरडी एक से दस बनकर पूरा हो गया है। ग्यारह व बारह आरडी अभी बनना शेष है। माइनर के कुल सात मोघे हैं, जिसमें चक नंबर एक केडब्ल्यूएम ए व बी और केडब्ल्यूएम दो का एक नया निर्माण होने से बैड लेवल ऊंचा नीचा हो गया है। इससे सिर्फ पीने का पानी आ रहा है। किसान को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है।

तीनों मोघों में पानी कम होने के कारण किसान फसल की बिजाई नहीं कर पा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि समय रहते पानी नहीं मिला तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को उपखंड कार्यालय पर सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रर्दशन कर आक्रोश जताया गया।

इस पर खाजूवाला एसडीएम रमेश कुमार ने सिंचाई विभाग को फटकार लगाते हुए पूरा पानी देने के निर्देश दिए।

## सीटेट एडमिट कार्ड 2024 ctet.nic.in पर जल्द होगा जारी

# सीटेट 2024 परीक्षा 7 जुलाई को पेन एवं पेपर मोड में होगी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा जल्द ही जुलाई सत्र के लिए केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) 2024 एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा।

सीटेट जुलाई 2024 परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक घोषणा के बाद ऑफिशियल वेबसाइट ctet.nic.in पर जाकर सीटीईटी हाल टिकट देख सकेंगे। बता दें, CTET 2024 प्रमाणपत्र (ctet logo) भारत के सभी राज्यों (ctet qualifying marks) में मान्य है। शेड्यूल के



अनुसार, सीटेट 2024 परीक्षा 7 जुलाई को पेन एवं पेपर मोड में आयोजित की जाएगी। सीबीएसई 136 शहरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर 20 भाषाओं में सीटेट 2024 परीक्षा आयोजित करेगा। कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों की भर्ती के लिए साल में दो बार सीटेट परीक्षा दो पेपरों पेपर-1 और पेपर-2 के लिए आयोजित की जाती है। सीबीएसई सीटेट एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होगी। कैंडिडेट को लॉगिन विंडों में आवेदन संख्या और जन्म तिथि सहित अन्य विवरण दर्ज करना होगा। इससे पहले, सीबीएसई ने सीटेट सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी कर दी है, जिसमें अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों के शहर का विवरण देख सकते हैं।

सीटीईटी एडमिट कार्ड 2024 में उम्मीदवार का नाम, परीक्षा केंद्र का नाम, पेपर का समय सहित अन्य विवरण शामिल होगा। सीटेट जुलाई 2024 परीक्षा में उपस्थित होने वाले पंजीकृत उम्मीदवारों को सीटेट एडमिट कार्ड के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र परीक्षा केंद्र पर ले जाना होगा।

सीबीएसई ने सूचना में बताया कि, परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले सभी उम्मीदवारों को बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। यदि कोई उम्मीदवार बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज किए बिना परीक्षा हॉल में प्रवेश करता है, तो उसका परिणाम रद्द किया जा सकता है। नवीनतम अपडेट के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है।

### सीटेट पिछले वर्ष के पेपर ऐसे डाउनलोड करें

CTET पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र (ctet sarkari result) आधिकारिक वेबसाइट ctet.nic.in पर जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी CTET प्रश्न पत्र 'आर्काइव' सेक्शन (ctet july 2024 admit card) में जाकर डाउनलोड (ctet news) कर सकते हैं।

### परीक्षा हॉल में एक वैध सरकारी आईडी जरूरी

उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में अपना CTET Admit Card और एक वैध सरकारी आईडी (ctet exam 2024) ले जाना होगा। उम्मीदवार CTET Official Website पर CTET Admit Card 2024 की जांच कर सकेंगे।

### परीक्षा हाल टिकट

सीटीईटी एडमिट कार्ड (ctet.nic) में अभ्यर्थी का नाम, परीक्षा तिथि, परीक्षा समय (ctet hall ticket 2024), रिपोर्टिंग समय, स्थान, दिशा-निर्देश सहित अन्य विवरण (ctet hall ticket download 2024) शामिल होगा।

## राजस्थान पीटीईटी का रिजल्ट आज होगा घोषित


# डिप्टी CM बैरवा करेंगे जारी

**बेधड़क** | कोटा

वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (VMOU) कोटा ने इस साल प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (PTET) का आयोजन 9 जून को राजस्थान के 33 जिलों में किया था, जिसका परिणाम गुरुवार को जारी किया जाएगा।

पीटीईटी 2024 के कोऑर्डिनेटर डॉ. आलोक चौहान का कहना है कि परीक्षा परिणाम शाम 4 बजे जयपुर में जेएलएन मार्ग स्थित वीएमओयू के क्षेत्रीय केंद्र में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की मौजूदगी में होगा। इस दौरान वीएमओयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर कैलाश सोडाणी भी मौजूद रहेंगे। इस परीक्षा के लिए 4 लाख 28 हजार 242 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे। इनमें से 88.52 फीसदी 3 लाख 79 हजार 93 विद्यार्थियों ने कैंडिडेट ने एग्जाम दिया है। इनका परिणाम जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी प्रणाम जारी होने के बाद अपना रिजल्ट पीटीईटी 2024 की वेबसाइट www.ptetvmou2024.com से डाउनलोड कर सकेंगे। जिसके लिए उन्हें अपना रोल नंबर और डेट ऑफ बर्थ डालना होगा। बता दें कि पीटीईटी 2024 में बीएड और बैचलर व बीएड इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की परीक्षा 33 जिलों के 1055 केंद्र पर हुई थी। नतीजे ऑनलाइन माध्यम से यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट ptet-vmou2024.com पर जारी किए जाएंगे। इसके बाद अभ्यर्थी लॉग इन डिटेल दर्ज करके अपने परिणाम की जांच कर सकेंगे।



### इन स्टेप्स से डाउनलोड कर सकेंगे स्कोर कार्ड

राजस्थान पीटीईटी रिजल्ट 2024 चेक करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट ptetvmou2024.com पर जाना होगा। वेबसाइट के होम पेज पर आपको जिस पाठ्यक्रम (चार वर्षीय बीए बीएड/ बीएससी बीएड या दो वर्षीय बीएड) का रिजल्ट चेक करना है उस पर क्लिक करना होगा। अब आपको मांगी गई डिटेल (लॉग इन क्रेडेंशियल) दर्ज करके सबमिट करना होगा। जानकारी भरते ही आपका परिणाम स्क्रीन पर ओपन हो जायेगा जहां से आप इसे डाउनलोड करके स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### पहले जारी हो चुकी है फाइनल आंसर की

डॉ. चौहान का कहना है कि अभ्यर्थियों को 24 से 29 जून तक ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार का समय भी दिया गया था। इससे पहले वीएमओयू ने प्रोविजनल आंसर की और प्रश्न पत्र जारी कर दिए थे। जिन पर अभ्यर्थियों से आपत्ति मांगी गई थी। इन सभी आपत्तियों को रिजॉल्व करने के बाद फाइनल आंसर की भी जारी कर दी गई थी। इस फाइनल आंसर की के आधार पर ही विद्यार्थियों का परिणाम जारी किया जाएगा।

### रिजल्ट के बाद आएगा काउंसलिंग शेड्यूल

राजस्थान पीटीईटी रिजल्ट जारी होने के बाद यूनिवर्सिटी की ओर से काउंसिलिंग शेड्यूल जारी किया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवारों को इसमें शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा। अंत में उम्मीदवारों को रैंक के अनुसार सीट आवंटित की जाएगी और उम्मीदवारों को संबंधित संस्थान में रिपोर्ट कर प्रवेश प्राप्त करना होगा। एग्जाम से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## बड़ी उपलब्धि: निम्स हार्ट एंड ब्रेन स्ट्रोक सेंटर द्वारा 20 वर्षीय रोगी का सफल ऑपरेशन

# दिल के छेद का किया इलाज युवक को दिया नया जीवन

**बेधड़क** | जयपुर

निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल ने एक नॉन इनवेसिव तकनीक तकनीक का उपयोग करके एट्रियल सेप्टल दोष (ASD) से पीड़ित 20 वर्षीय रोगी का सफलतापूर्वक इलाज करके हृदय के उपचार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निम्स हार्ट एंड ब्रेन अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अनिल चौधरी के नेतृत्व में यह प्रक्रिया हृदय उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है, जो अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा समाधानों के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

एट्रियल सेप्टल दोष (ASD), एक जन्मजात हृदय दोष है, जो हृदय के दो ऊपरी कक्षों (एट्रिया) के बीच की दीवार (सेप्टम) में एक छेद की विशेषता है, जिसका इलाज ओपन-हार्ट सर्जरी के माध्यम से किया जाता है, जिसे साधारण शब्दों में दिल में छेद कहा जाता है और इसमें महत्वपूर्ण जोखिम, लंबे समय तक ठीक होने का समय और अस्पताल में काफी समय तक रहना शामिल है।

हालांकि, सेंटर में डॉ. चौधरी और उनकी टीम ने एक नया तरीका अपनाया है, जिससे इनवेसिव सर्जरी की जरूरत खत्म हो गई है। इस प्रक्रिया में सेप्टल ऑक्लुडर का इस्तेमाल किया गया, जो एक छोटा शर्ट बटन जैसा दिखने वाला उपकरण है, जिसे मरीज के पैर की नस में से गुजरने वाले कैथेटर के जरिए दिल में डाला जाता है। इस तकनीक ने सामान्य एनेस्थीसिया की आवश्यकता के बिना, केवल 20 मिनट में हृदय दोष को बंद करना शामिल है।



### मरीज को दी उपचार के दिन ही छुट्टी

इस नॉन इनवेसिव तकनीक के इस्तेमाल से मरीज को उसी दिन छुट्टी दे दी गई और उसे लगातार मॉनिटरिंग किया गया। डॉ. चौधरी ने कहा, "यह उपलब्धि हृदय निवारक में एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है।" कोटपूतली के युवक जैसे रोगियों के लिए, जो वर्षों से एएसडी से जूझ रहे हैं, यह प्रक्रिया न केवल प्रभावी उपचार प्रदान करती है, बल्कि एक स्वस्थ भविष्य की आशा भी जगाती है।" डॉ.अनिल चौधरी ने बताया कि अस्पताल में हृदय रोग और बाल रोग में आयुष्मान योजना और RGHS/TPA के तहत ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एएसडी लगभग 10% हृदय रोगियों को प्रभावित करता है, और यह पारंपरिक सर्जरी से जुड़े जोखिमों को कम करने में गेम-चेंजर है। यह सफलता सुलभ और उन्नत स्वास्थ्य सेवा के लिए NIMS की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### पुरानी ओपन-हार्ट सर्जरी में कई जोखिम

पुरानी ओपन-हार्ट सर्जरी में संक्रमण, लंबी रिकवरी अवधि और उच्च स्वास्थ्य सेवा लागत सहित पर्याप्त जोखिम शामिल हैं। इसके विपरीत, कैथेटर-आधारित दृष्टिकोण इन जोखिमों को कम करता है, रिकवरी समय को कम करता है, और उपचार की समग्र लागत को कम करता है, जिससे यह कई रोगियों के लिए अत्यधिक प्रभावी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प बन जाता है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी में चल रही प्रगति के साथ, नॉन इनवेसिव/बिना चीर फाड़ जन्मजात हृदय स्थितियों के लिए सुरक्षित और अधिक प्रभावी समाधान हैं, जो स्वास्थ्य सेवा परिणामों पर समर्पित चिकित्सा अनुसंधान और टेक्नोलॉजी एडवांसमेंट के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करते हैं। निम्स हार्ट एंड ब्रेन हॉस्पिटल में इस प्रक्रिया की सफलता चिकित्सा प्रगति और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अस्पताल के समर्पण का प्रमाण है।

### पेशेंट देखभाल में अव्वल है निम्स हॉस्पिटल

यह उपलब्धि राज्य और देश भर के लोगो के लिए सर्वोत्तम और सबसे किफ़ायती उपचार विकल्प सुनिश्चित करने के अस्पताल के मिशन को लेकर चलता है। डॉ.चौधरी ने निष्कर्ष निकाला, "इस प्रक्रिया की सफलता चिकित्सा प्रौद्योगिकी द्वारा रोगी देखभाल को बदलने की क्षमता का एक स्पष्ट संकेत है। NIMS हार्ट एंड ब्रेन स्ट्रोक सेंटर एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान है, जो हृदय संबंधी स्थितियों के लिए व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है। देश के सबसे प्रतिष्ठित डॉक्टर्स व एक्सपर्ट्स नई और किफायती तकनीक की एक टीम के साथ, यह केंद्र चिकित्सा राज्य में सबसे अच्छा हार्ट एवं ब्रेन स्ट्रोक से सम्बंधित रोग के लिए सबसे आगे है।

## राजस्थान से दो खिलाड़ियों को मिला ओलंपिक का कोटा

# चौहान व नरूका की शूटिंग में दावेदारी

**बेधड़क** | जयपुर

इस बार राजस्थान के सिर्फ दो खिलाड़ी ही ओलंपिक का कोटा हासिल कर पाए हैं। दरअसल, पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस में आयोजित होने जा रहे हैं। इन खेलों में दुनिया भर के खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचेंगे। दोनों ही खिलाड़ी शूटिंग खेल से जुड़े हुए हैं। राजस्थान की महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका ने इस बार ओलंपिक का कोटा हासिल किया है।

उदयपुर की रहने वाली महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इन खेलों में महेश्वरी शॉटगन



में मजबूत दावेदारी करेंगी इसके अलावा मूल रूप से उनियारा के निवासी अनंतजीत सिंह नरूका भी ओलंपिक में भाग लेंगे। इससे पहले नरूका एशियाई खेलों में रजत और कांस्य पदक देश के लिए जीत चुके हैं।

महेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में ओलंपिक में भाग लेंगे। इससे पहले टोक्यों में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में राजस्थान के खिलाड़ियों की भागीदारी पेरिस ओलंपिक से ज्यादा थी।

टोक्यो में आयोजित हुए ओलंपिक खेलों में राजस्थान से अपूर्वी चंदेला, अर्जुन लाल जाट, दिव्यांश पंवार और भावना ने कोटा प्राप्त किया था, लेकिन इस बार यह संख्या घट गई।

राजस्थान के पूर्व खिलाड़ियों की मानें तो अभी भी राजस्थान में खेलों को लेकर काम करने की जरूरत है। जब तक खेलों से जुड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं होगा तब तक बेहतर खिलाड़ी तैयार नहीं होंगे।


## MGGS-चंदलाई के बच्चों की उपलब्धि

# दो विद्यार्थियों का NMMS छात्रवृत्ति के लिए चयन

**बेधड़क** | चाकसू

एनसीईआरटी द्वारा जारी राजस्थान NMMS का परिणाम में चन्दलाई कस्बे में स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा प्राची ढाका व छात्र यशपाल यादव ने नेशनल मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होकर कस्बे व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य प्रियंका स्वामी ने बताया कि एवं समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणों ने बच्चों को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्रवृत्ति के तहत बालकों को चार वर्ष तक



12000 सालाना आर्थिक सहायता भारत सरकार की ओर से प्राप्त होगी।

यह परीक्षा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा आयोजित की गई थी जिसकी राज्य स्तरीय मेरिट में दोनों छात्र-छात्रा का अन्तिम रूप से चयन हुआ है।

**डिस्कशन** | देश की बेटियों ने दिखाई प्रतिभा... आईआईएम काशीपुर के नए बैच में 42% छात्राएं

# छात्राओं की संख्या में पिछले सत्र की तुलना में 7% की हुई बढ़ोतरी

■ साल 2019 में मात्र 11% छात्राओं का हुआ था एडमिशन ■ इस सत्र में एमबीए - एनालिटिक्स में 75 प्रतिशत छात्राएं

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय प्रबंधन संस्थान, काशीपुर के नए बैच 2024-26 में 42 प्रतिशत छात्राओं ने प्रवेश लिया है, जो पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में 7% अधिक है। आईआईएम काशीपुर में पिछले वर्ष लगभग 35 प्रतिशत छात्राओं को प्रवेश दिया गया था।

संस्थान ने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन - एनालिटिक्स (MBA-A) में नामांकित कुल 471 छात्रों में से 196 छात्राओं को प्रवेश दिया है।

एमबीए और एमबीए-ए के अलावा डॉक्टरेट कार्यक्रम में 15 उम्मीदवारों ने दाखिला लिया, जिनमें से चार महिलाएं हैं। आईआईएम काशीपुर के एमबीए, एमबीए (एनालिटिक्स) और डॉक्टरेट (पीएचडी) कार्यक्रमों के नए बैच (वर्ष 2024-26) का उद्घाटन कार्यक्रम 27 से 30 जून 2024 के बीच संस्थान द्वारा आयोजित एक अभिविन्यास सत्र के साथ शुरू हुआ।

कार्यक्रम में उत्तराखंड सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।



### 37% विद्यार्थी इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से

शैक्षणिक विविधता के मामले में नए बैच में 37 प्रतिशत छात्र इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से और 33 प्रतिशत कॉमर्स से हैं। 12% से अधिक छात्र विज्ञान से, 6 प्रतिशत कला से और शेष 11 छात्र चिकित्सा, संचार और अन्य विभिन्न पृष्ठभूमि से हैं, जबकि बैच का कुल कार्य अनुभव 13 महीने का है।




### इस बार 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व

संस्थान ने जारी बयान में कहा कि जहां तक भौगोलिक विविधता का सवाल है, नए बैच में 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व है, जिनमें सबसे अधिक 63-63 छात्र महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से हैं। इस सत्र में एमबीए - एनालिटिक्स में 75 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो पिछले वर्ष की 69% महिला अभ्यर्थियों की संख्या से अधिक है। लैंगिक विविधता पर एडमिशन अध्यक्ष प्रो. अभ्रदीप मैती ने कहा, "आईआईएम काशीपुर में पिछले कुछ वर्षों में छात्राओं की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी गई है। साल 2019 में 11% छात्राओं से, नए बैच 2024-26 में महिला छात्राओं की संख्या 42% तक पहुंच गई है।"

### हमारे स्टूडेंट्स ही हमारे ब्रांड एंबेसडर

आईआईएम काशीपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती ने कहा, "हमारे छात्र हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। पहली पीढ़ी के आईआईएम को इस स्तर तक पहुंचने में दशकों लग गए, जबकि आईआईएम काशीपुर ने 13 वर्षों में यह मुकाम हासिल किया है।" प्रो. सोमनाथ ने आगे कहा, जेंडर से लेकर भौगोलिक विविधता, रैंकिंग से लेकर विदेशी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ गठजोड़ तक, आईआईएम काशीपुर देश के शीर्ष 10 आईआईएम बनने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। छात्रों के लिए किए गए हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं, न केवल महिला प्रतिनिधित्व बल्कि हर शैक्षणिक वर्ष में आवेदनों की संख्या भी बढ़ रही है।

# नई लोकसभा में स्पष्ट है विपक्ष के तेवर के मायने




अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार


18 वीं लोकसभा के अध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान और उसके बाद का दृश्य निश्चित रूप से देश को एक हद तक राहत देने वाला था। आक्रामक मोर्चाबंदी के बाद विपक्ष ने संसद में मत विभाजन की मांग नहीं की। इस कारण ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। विपक्ष अपने पूर्व के तेवर के अनुरूप यदि के सुरेश और ओम बिरला के बीच मतदान पर अड़ता तो तस्वीर दूसरी होती। हालांकि संख्या बल के आधार पर सरकार की ओर से लाए गए उम्मीदवार ओम बिरला का निर्वाचन निश्चित था लेकिन विपक्ष भी अपनी ताकत दिखाना चाहता था। लगता है सरकार के रणनीतिकारों ने विपक्ष के साथ अंदर ही अंदर काफी बातचीत की, उन्हें मनाने का प्रयास किया और उसमें एक हद तक सफलता मिली। सरकार का तर्क यही था कि अध्यक्ष पद को राजनीति से दूर रखने के लिए ओम बिरला का निर्वाचन सर्वसम्मति से होना चाहिए। इसमें सरकारी पक्ष सफल नहीं हुआ लेकिन कम से कम मत विभाजन नहीं हुआ यह भी आज की स्थिति को देखते हुए बड़ी बात है। दूसरे, ओम बिरला के निर्वाचन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें बधाई देने गए तो विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी भी आए और प्रधानमंत्री ने स्वयं उन्हें अपने हाथ से आगे आने का इशारा किया। फिर परंपरा के अनुरूप सदन के नेता एवं विपक्ष के नेता तथा साथ में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू उन्हें आसान तक ले गए।

आसन पर बैठने के बाद प्रधानमंत्री ने पहले उनसे हाथ मिलाए और फिर राहुल गांधी की ओर मुड़कर उन्हें आगे किया, फिर प्रधानमंत्री एवं राहुल गांधी ने भी हाथ मिलाया । इससे संदेश यह निकलता है कि राजनीति में आपसी दुश्मनी की स्थिति होते हुए भी हमारे राजनेता महत्वपूर्ण अवसरों पर अपनी भूमिका का गरिमा में निर्वहन कर सकते हैं । हालांकि इससे यह मान लेना गलत होगा कि विपक्ष ने सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम करने का मन बनाया है। वास्तव में 18 वीं लोकसभा में शपथ ग्रहण के समय से विपक्ष का तेवर बता रहा है कि वह सरकार को आसानी से काम करने देने की मनःस्थिति में नहीं है। लोक सभा एवं राज्यसभा के राष्ट्रपति अभिभाषण संबंधी सत्र में विपक्ष का तेवर स्पष्ट रूप से मुखर होकर सामने आया है। शुरुआत से ही ऐसी स्थिति थी। आईएनडीआईए के सारे सांसद गांधी जी की प्रतिमा के पुराने स्थल से हाथों में संविधान लहराते हुए जिस तरह नारा लगाते आगे बढ़े वह चिंतित करने वाला दृश्य था। कम से कम सांसदों के शपथ ग्रहण के अवसर को प्रदर्शनों से दूर रखा जा सकता था। सरकार ने अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिसके लिए विपक्ष को इस तरह विरोध की एकजुटता प्रदर्शित करनी पड़े। विरोध के लिए आगे पूरा अवसर बना हुआ है। संसद में बजट आना है और भी कई विधेयक आने वाले हैं उन सब पर विपक्ष अपना तेवर दिखा सकता था, दिखाएगा भी। इसी तरह स्वयं विपक्ष का अपना एजेंडा है जो समय-समय पर संसदीय नियमों का लाभ उठाते हुए प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। सांसदों के शपथ ग्रहण यानी 18वीं लोकसभा की शुरुआत में विपक्ष ने अपनी रणनीति के तहत ही आक्रामक विरोधी चरित्र प्रदर्शित किया है। पहले भर्तृहरि मेहताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने का विरोध हुआ। कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि उनकी पार्टी भर्तृहरि मेहताब को सहयोग नहीं करेगी। उससे भय पैदा हुआ, लेकिन सभी कांग्रेसी सांसदों ने अंततः भर्तृहरि मेहताब की अध्यक्षता में ही शपथ ग्रहण किया। इसके पूर्व कभी प्रोटेम स्पीकर को लेकर इस तरह विरोध हुआ हो इसके रिकॉर्ड अभी तक सामने नहीं आए हैं। कांग्रेस की मांग थी कि के सुरेश आठ बार के सांसद हैं इसलिए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए। सरकार का कहना था कि के सुरेश एक बार सांसद नहीं रहे हैं जबकि भर्तृहरि मेहताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। यह विषय असहमति का है। संविधान में कहीं इसका उल्लेख नहीं है कि प्रोटेम स्पीकर किसे बनाया जाए।

> “पूर्व में कभी प्रोटेम स्पीकर को लेकर इस तरह विरोध हुआ हो इसके रिकॉर्ड अभी तक सामने नहीं आए हैं। कांग्रेस की मांग थी कि के सुरेश आठ बार के सांसद हैं इसलिए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए। सरकार का कहना था कि के सुरेश एक बार सांसद नहीं रहे हैं जबकि भर्तृहरि मेहताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। यह विषय असहमति का है। संविधान में कहीं इसका उल्लेख नहीं है कि प्रोटेम स्पीकर किसे बनाया जाए।”

उसके बाद से विपक्ष ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह लोकसभा चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों और अपनाए तेवरों से पीछे हट रहा है। आप ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद दिए गए विपक्ष के नेताओं के भाषणों को देखिए तो काफी कुछ स्पष्ट हो जाएगा। उदाहरण के लिए राहुल गांधी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आपके नेतृत्व में संविधान की रक्षा होगी। आप विपक्ष को पूरी तरह बोलने का अवसर देंगे जिससे आमजन की आवाज संसद में आ सके। उन्होंने पूर्व लोकसभा में सांसदों के निलंबन पर भी कटाक्ष किया। ठीक इसी तरह समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी लोकसभा अध्यक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आप सत्ता पक्ष को तो मौका देते ही है लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष को भी अवसर देंगे। फिर उन्होंने भी भविष्य में सांसदों के निलंबन न होने की उम्मीद जताई। इसी तरह तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय एवं अन्य नेताओं के भाषण अध्यक्ष को भी दलीय राजनीति में घसीटने और उनको कटघरे में खड़ा करने वाला ही था। अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद सभी उन्हें धन्यवाद देते हैं, उनकी प्रशंसा करते हैं और उनकी अध्यक्षता में संसद के संचालन में सहयोग करने का वादा करते हुए शुभकामना भी देते हैं। विपक्ष के भाषण में ये विषय थे किंतु उनकी धारा बिल्कुल अलग थी।

इसके बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के संयुक्त सत्र के अभिभाषण को लेकर भी विपक्ष ने सरकार के साथ सहयोग या सहकार वाली भूमिका का संदेश नहीं दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### 120 लोगों ने गंवाई जान

# हाथरस में मौत का ‘सत्संग समागम’




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के ग्राम पुलराई में नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग समागम में मची भगदड़ में 120 से ज्यादा श्रद्धालुओं की असमय मौत हो गई। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। मौत की यह भयावह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। अंधभक्त धर्मपरायण देश में ब्रह्मज्ञान देने के आयोजन निरंतर होते रहते हैं, उसी अनुपात में दुर्घटनाएं भी घटती रहती हैं। तीर्थस्थलों की आवाजाही में होने वाली वाहन दुर्घटनाओं में भी बड़ी संख्या में लोग हर साल काल के गाल में समा जाते हैं। पिछले माह संपन्न हुई हज यात्रा में भी एक हजार के करीब लोग भीषण गर्मी के चलते मक्का में मौत की नींद सो गए थे। इसमें 78 भारतीय थे। आजकल राजनेताओं और फिल्म जगत की बड़ी हस्तियों द्वारा बाबाओं की शरण में जाने से आम आदमी यह सोचने लगा है कि ब्रह्म और भविष्य के इन अलौकिक ज्ञाताओं के पास वाकई अदृश्य शक्तियां नियंत्रण में हैं। गोया, बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री और सीहोर के प्रदीप मिश्रा भी आसानी से अपने प्रवचनों के लिए लाखों की भीड़ जुटा लेते हैं। भीड़ उम्मीद से ज्यादा हो जाती है और प्रशासन प्रबंधन में अकसर चूक जाता है। फलतः भगदड़ में ही सैंकड़ों लोग मर जाते हैं। आजकल नेता बाबाओं की इस भीड़ को मतदाता समझने लगे हैं। अतएव वोट के लालच में इन समागमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का दोहन कथित बाबाओं के माध्यम से स्वयं एवं अपने दल के लिए दोहन करने में कोई संकोच नहीं करते हैं। वैभव और विलास में डूबे बाबा भी इन नेताओं की पैरवी करने लग जाते हैं। नतीजतन उचित प्रबंधन की प्रशासन अनदेखी कर देता है।

उत्तर प्रदेश की पुलिस सेवा में आरक्षक रहे सूरजपाल जाटव को एकाएक आध्यात्मिक ज्ञान हो गया और वे नारायण साकार उर्फ भोले बाबा के रूप में सत्संग कर ब्रह्मज्ञान की रसधारा बहाने लग गए। सूरजपाल ने 1997 में नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े थे। बाबा कांसीनगर में पटियाली तहसील के बहादुर नगर के रहने वाले हैं। यही उन्होंने अपने घर को आश्रम का रूप दे दिया और प्रवचन शुरू कर दिए। बीते कुछ सालों में ही उन्होंने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में अपने असंख्य भक्त बना लिए। चमत्कारी बाबा के रूप में प्रसिद्धि मिल गई तो उनकी पत्नी भी माताश्री कही जाने लगी। भोले बाबा के सत्संग में लोग अपनी परेशानियां लेकर पहुंचने लगे। उनके द्वारा हाथ से छूकर बीमारियों को दूर करने का चमत्कार जुड़ गया। अतएव चमत्कार से वशीभूत उनके अनुयायियों का कारवां बढ़ता चला गया। वे काशी नगर के अलावा अनेक जगह बुलावे पर प्रवचन देने जाने लगे। पुलराई में जहां यह त्रासदी घटी है, वहां 80,000 से ज्यादा भक्त पहुंचे थे। जबकि प्रशासन को सूचना 50,000 लोगों के पहुंचने की दी गई थी। सत्संग जब समाप्त हुआ तो अनुमान से ज्यादा पहुंचे भक्त बाबा के चरण छूने की होड़ में लग गए और एक-दूसरे को मची भगदड़ में कुचलने लग गए। ऐसे मामलों में कभी कोई कठोर कार्रवाई हुई हो अब तक देखने में नहीं आया है। गोया, यह मामला भी कुछ दिन चर्चा में रहने के बाद शून्य में बदल जाएगा।

2018 में अमृतसर में रावण दहन के अवसर पर हुए रेल हादसे में 61 लोग मारे गए थे। सीधे-सीधे यह प्रशासनिक लापरवाही थी। देश में धार्मिक मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान भीड़ में भगदड़ मचने से होने वाले हादसों का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। ठीक इसी किस्म की लापरवाही केरल में कोल्लम के पास पुत्तिंगल देवी मंदिर परिसर में हुई त्रासदी के समय देखने में आई थी। इस घटना में 110 लोग मारे गए थे और 383 लोग घायल हुए थे। यह ऐसी घटना थी, जिसे मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन सचेत रहते तो टाला जा सकता था। क्योंकि मलयालम नववर्ष के उपलक्ष में हर वर्ष जो उत्सव होता है, उसमें बड़ी मात्रा में आतिशबाजी की जाती है और इसका भंडारण मंदिर परिसर में ही किया जाता है। आतिशबाजी चलाने के दौरान एक चिंगारी भंडार में रखी आतिशबाजी तक पहुंच गई और भीषण त्रासदी में लोगों की दर्दनाक मौतें हो गईं। यह हादसा इतना बड़ा और हृदयविदारक था कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिकित्सकों का दल लेकर कोल्लम पहुंचना पड़ा था, लेकिन इस तरह से संवेदना जताकर और मुआवजा देने की खानापूर्ति कर देने भर से मंदिर हादसों का क्रम टूटने वाला नहीं हैं। जरूरत तो शीर्ष न्यायालय के उस निर्देश का पालन करने की है, जिसमें मंदिरों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी समान नीति बनाने का उल्लेख है। यदि प्रधानमंत्री इस हादसे से सबक लेकर इस नीति को बनाने का काम करते तो शायद यह हादसा नहीं हुआ होता? दर्शनलाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला जारी है।हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजन विराट रुप लेते जा रहे हैं। कुंभ मेलों में तो विशेश पर्वों के अवसर पर एक साथ तीन-तीन करोड़ तक लोग एक निश्चित समय के बीच स्नान करते हैं। दरअसल भीड़ के अनुपात में यातायात और सुरक्षा के इंतजाम देखने में नहीं आते। जबकि शासन-प्रशासन के पास पिछले पर्वों के आंकड़े हाते हैं। बावजूद लपरवाही बरतना हैरान करने वाली बात है। दरअसल, कुंभ या अन्य मेलों में जितनी भीड़ पहुंचती है और उसके प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत होती है, उसकी दूसरे देशों के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते? इसलिए हमारे यहां लगने वाले मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से नहीं ले सकते? क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जा सकती? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने खासतौर से यूरोपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे।

> “इस तरह की लपरवाही बरतना हैरान करने वाली बात है। दरअसल, कुंभ या अन्य मेलों में जितनी भीड़ पहुंचती है और उसके प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत होती है, उसकी दूसरे देशों के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते? इसलिए हमारे यहां लगने वाले मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से नहीं ले सकते?”

प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुंड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ जाती है। ऐसे में कोई महिला या बच्चा गिरकर अनजाने में भीड़ के पैरों तले रौंद दिया जाता है और भगदड़ मच जाती है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ बढ़ाने का काम मीडिया भी कर रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया टीआरपी के लालच में इसमें अहम् भूमिका निभाता है। निर्मल बाबा, कृपालू महाराज और आशाराम बापू, रामपाल जैसे संतों का महिमामंडन इसी मीडिया ने किया था। हालांकि यही मीडिया पाखण्ड के सार्वजनिक खुलासे के बाद मूर्तिभंजक की भूमिका में भी खड़ा हो जाता है।

मीडिया का यही नाट्य रूपांतरण अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मसलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वर अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को प्रतिफल व नियति का कारक मानने लग जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



### व्यंग्य

# प्रजातांत्रिक देश का अर्थ




कवि
सुरेश रायकवार


दयारामजी की अँग्रेजी मीडियम से बारहवीं तक पढ़ी-लिखी पत्नी आजकल हिन्दी पढ़ रही है, और शायद इसीलिए हिन्दी के हर शब्द का संधि-विच्छेद भी कर रही है। सुबह-सुबह दयारामजी को चाय का प्याला पकड़ाते हुए बोली- सुनो जी! ये समाजवादी, कट्टरवादी आदि देश तो समझ आते है किन्तु प्रजातांत्रिक देश का अर्थ क्या होता है? क्या देश का हर नागरिक तांत्रिक होता है या उस देश का निर्माता कोई तांत्रिक होता है, ऐसा तो नहीं वहाँ का राजा कोई बड़ा तांत्रिक होता है या फिर वो देश केवल तंत्र-मंत्र से चलने वाला देश होता है! बेचारे दयारामजी प्रजातांत्रिक देश के इन अर्थों को सुनकर भौचक्के रह गए, चाय पीना तो दूर, चाय का घूंट उतारना मुश्किल हो गया।

किन्तु प्रश्न, चूंकि पत्नी ने किए थे, तो उत्तर तो देना ही पड़ता। पत्नी से बोले - तुम नाश्ता तैयार करो तब तक मैं तुम्हारे प्रश्नो के उत्तर ढूंढता हूं। दयारामजी ने पत्नी के प्रश्नो पर बड़ी गंभीरता से विचार किया और इस विचार मंथन के बाद, नाश्ते पर प्रजातांत्रिक शब्द की इस नई व्याख्या से सहमत होते हुए बोले- हां प्रिये! तुमने बिल्कुल ठीक कहा- प्रजातांत्रिक देश तांत्रिक ही चलाते हैं इसीलिए तो देश में, हर पाँचवें वर्ष चुनाव के बाद चमत्कारिक परिवर्तन नजर आते है। जिस तांत्रिक दल का चुनाव मंत्र चल जाता है वही देश पर शासन के लिए चुन लिया जाता है। कभी कभी इनके चुनावी मंत्र में इतनी शक्ति होती है कि उसकी लहर में प्रजा सम्मोहित हो जाती है किन्तु बाद के पांच वर्ष केवल पछताती है। यूं तो इन दलों का हर तांत्रिक, मंत्रों का ही दास होता है किन्तु चुनाव का समय, इनके लिए बड़ा ही खास होता है। हर तांत्रिक कोई ना कोई गुंडा रूपी भूत जगाता है उन्हे मदिरापान करवाता है और मुर्गों आदि का भोग लगाता है। भूतों के लिए किए गए इस अनुष्ठान की सफलता रंग लाती है और तांत्रिक को उसकी आराध्य-स्थली संसद या विधानसभा पहुंचाती है। यहां पहुंचते ही तांत्रिक सत्ता-देवी से विशेष शक्तियां प्राप्त करता है और अपनी विद्या अनुरूप मंत्री पद पाता है। अब यह मंत्री इन शक्तियों के बल से राई को पर्वत और पर्वत को राई बना सकता है यह चाहे तो चपरासी को बाबू और बाबू को अफसर बना सकता है तथा ट्रान्सफर का खेल तो ये बाएं हाथ से खेलता है, सुबह मंत्र पढ़ता है, शाम को आपका ट्रान्सफर ऑर्डर तैयार मिलता है। पत्नी ने बीच में ही टोकते हुए कहा– तो ये तांत्रिक ट्रान्सफर के अलावा क्या क्या करते है? दयारामजी पत्नी को समझाते हुए बोले- मेरे ख्याल से तो ये प्रजा की भलाई को छोडकर सभी कुछ करते है, सर्वप्रथम तो चुनावी हवन में हुए खर्चे की वसूली करते है फिर पांच वर्ष में कम से कम दस देशों की सरकारी व्यय पर, परिवार सहित यात्रा करते है। और फिर बचे हुए समय में निर्माण के दौरान ही टूट जाने वाले पुल बनवाते है, गड्ढे वाली सड़के बनवाते है, फ्री का राशन और सुविधाएं देकर नागरिकों को प्रमादी और आलसी बनाते है, जनता इनके राज में भले ही त्राहि त्राहि कर रही हो किन्तु ये अपनी उपलब्धियां ही गिनाते है। और हां बिना भेंट पूजा के ये किसी भी कार्य के लिए कोई मंत्र नहीं पढ़ते है। भेंट-पूजा की मात्रा के आधार पर ही ये निर्णय लेते है कि कार्य निष्पादन के लिए कितनी शक्ति का और कौनसा मारक मंत्र पढ़ना है। पत्नी ने फिर प्रश्न किया- तो फिर, जो विपक्षी दल के तांत्रिक होते है वे क्या करते है?

हां प्रिये तुमने सही प्रश्न किया- इन तांत्रिकों को जीत तो मिलती है किन्तु सत्ता-देवी से शक्तियां नहीं मिलती है। सत्ता-सुख भोग रहे दल के मंत्रों को निष्प्रभावी करने के लिए ये पूरे पांच वर्ष धरना, प्रदर्शन, हड़ताल, घेराव, पद-यात्रा आदि मंत्रों का जाप करते रहते है और यदि ये मंत्र प्रभावी रहे तो पाँच वर्ष के बाद इन्हे सत्ता देवी का आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है। वैसे तो विपक्षी तांत्रिको के ये दल एक दूसरे के धुर विरोधी होते हैं किन्तु सत्ता-देवी से आशीष प्राप्त करने के लिए ये गठबंधन बना कर, सत्ताधारी तांत्रिकों के विरुद्ध अपने मंत्रों से लगातार सामूहिक प्रहार करते रहते है। एक बात और, विपक्षी तांत्रिकों को अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए भी इन मंत्रों का उपयोग करना अपरिहार्य होता है। इन तंत्रिकों के पास कुछ सिद्ध मंत्र होते है जिनका प्रयोग करके ये देश की सत्ता-देवी तक पहुंचते हैं। मंहगाई, गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, जाति-धर्म आदि इनके प्रसिद्ध मंत्र है और इनका समयानुसार प्रयोग ही प्रजातन्त्र है। पत्नी के हिन्दी पढ़ने से दयारामजी को भी आज नया ज्ञान प्राप्त हुआ था।

### गीतकार भरत व्यास का स्मृति दिवस

# श्यामल श्यामल बरन, कोमल कोमल चरण...




जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार


हिंदी सिनेमा में बीती सदी का पचास और साठ का दशक गीत-संगीत का स्वर्णिम दौर रहा है। इस दौर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन गीतकार आए। उन्होंने अपने उत्कृष्ट और काव्यात्मक गीतों से जहां हिंदी फिल्मों को समृद्ध किया, तो वहीं श्रोताओं की रुचियों को भी परिष्कृत करने में मदद की। ऐसे ही बेमिसाल गीतकार भरत व्यास थे। उन्होंने ‘ऐ मालिक तेरे बंदे हम’, ‘ज्योत से ज्योत जगाते चलो’, ‘निर्बल से लड़ाई बलवान की..’, ‘ये कौन चित्रकार है’ जैसे अर्थपूर्ण, भावप्रवण गीत रचे और सफलता का नया इतिहास बनाया। इन गीतों को सुनकर आज यक़ीन ही नहीं होता कि ये गीत फिल्मों में इस्तेमाल हुए होंगे। रंगमंच से लेकर फिल्मों तक में उस वक्त उर्दू ज़बान का बोलबाला था। लेकिन फिल्मी दुनिया में कुछ गीतकार प्रदीप, पं. नरेन्द्र शर्मा और शैलेन्द्र थे, जिन्हें हिंदी और इस ज़बान की ताक़त पर एतबार था।

भरत व्यास भी इसी परंपरा के गीतकार थे। तीन दशक के करियर में उन्होंने कभी अपने गीतों में भाषा से समझौता नहीं किया। भरत व्यास ने फिल्मी दुनिया को बतलाया कि हिंदी में भी उत्कृष्ट गीत रचे जा सकते हैं। और यह गीत श्रोताओं को उतने ही पसंद आएंगे, जितने कि उर्दू या हिंदुस्तानी ज़बान के गीत या नग़मे। भरत व्यास ने साल 1943 से 1960 के दौर में बड़े ही मधुर गीतों का सृजन किया। आज भी उनके ये गीत सुनकर श्रोता झूम उठते हैं। भरत व्यास के भाई अभिनेता, फिल्म निर्देशक बी.एम.व्यास ने उन्हें सबसे पहले अपनी फिल्मों में मौक़ा दिया। शुरुआत में भरत व्यास ने कुछ फिल्मों में पटकथा लिखीं। साल 1943 में आई फिल्म ‘दुहाई’ से वह गीतकार बने। उनका लिखा पहला गीत था, ‘आओ वीरो हिलमिल गायें वंदे मातरम’। इस फिल्म में भरत व्यास ने नौ गीत लिखे। जो खूब पसंद किए गए। भरत व्यास ने शालीमार की कई फिल्मों ‘प्रेम संगीत’, ‘मन की जीत’, ‘पृथ्वीराज संयोगिता’ और ‘मीराबाई’ आदि के लिए गीत लिखे। साल 1944 में आई फिल्म ‘मन की जीत’ में भरत व्यास ने दो गीत ‘ए चांद ना इतराना...’ और ‘आते हैं मेरे सजन...’ लिखे। दोनों ही गीत बेहद कामयाब हुए। इस कामयाबी के बाद, भरत व्यास ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। गीत लेखन के क्षेत्र में भरत व्यास को कामयाबी, उम्मीदों से कहीं बढ़कर मिली। उनकी क़लम से एक के बाद एक नायाब गीत निकले। जो आज भी उसी तरह पसंद किए जाते हैं। ‘ऐ मालिक तेरे बंदे हम’ (फिल्म-दो आंखे बारह हाथ), ‘जरा सामने तो आओ छलिए’ (फिल्म-जनम जनम के फेरे), ‘आधा है चंद्रमा रात आधी’ (फिल्म-नवरंग)’, ‘आ लौट के आजा मेरे मीत तुझे मेरे गीत बुलाते हैं’ (फिल्म-रानी रूपमती)’, ‘सारंगा तेरी याद में नैन हुए बेचैन’ (फिल्म-सारंगा)’, ‘दिल का खिलौना हाय टूट गया’ (फिल्म-गूंज उठी शहनाई)’, ‘चाहे पास हो चाहे दूर हो’ (फिल्म-सम्राट चंद्रगुप्त)’, ‘तू छुपी है कहां, मैं तड़पता यहां’ (फिल्म-नवरंग) न जाने कितने ऐसे गीत हैं, जो आज भी सिने प्रेमियों द्वारा उसी शिद्दत और मुहब्बत के साथ गुनगुनाए जाते हैं। भरत व्यास ने फिल्म की सिचुएशन और मांग के हिसाब से न सिर्फ़ हिंदुस्तानी जबान में गीत लिखे, बल्कि जब मौक़ा मिला, तो शुद्ध हिंदी में भी गीत रचे। इन गीतों में उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति इतनी शानदार होती थी कि फिल्म निर्देशक और संगीतकार भी उनसे न नहीं कह पाते थे। भरत व्यास के कई ऐसे फिल्मी गीत हैं, जो साहित्यिक दृष्टि से कमतर नहीं हैं। ‘तुम गगन के चंद्रमा हो, मैं धरा की धूल हूं’, ‘श्यामल श्यामल बरन कोमल कोमल चरण’ (फिल्म-नवरंग), ‘बादलों बरसो नयन की कोर से’ (फिल्म-संपूर्ण रामायण), ‘जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान है’ (फिल्म-सम्राट पृथ्वीराज चौहान), ‘पवन वेग से उड़ने वाले घोड़े’ (फिल्म-जय चित्तौड़), ‘आया ऋतुराज बसंत है’ (फिल्म-स्त्री) और ‘डर लागे गरजे बदरिया’ (फिल्म-राम राज्य) जैसे गीत एक बानगी भर हैं। वरना उनके कई ऐसे गीत हैं, जिनकी अभी साहित्यिक मीमांसा बाक़ी है। उन गीतों की विवेचना होगी, तो मालूम चलेगा कि गीतकार के तौर पर भरत व्यास का हिंदी साहित्य में कितना बड़ा योगदान है। अपने गीतों से उन्होंने हिंदी साहित्य को कितना समृद्ध किया है।

भरत व्यास की मंचीय कवि के तौर पर भी देश भर में एक अलग पहचान थी। समय मिलने पर वे कवि सम्मलनों में शिरकत किया करते थे। ‘केसरिया पगड़ी’, ‘दो महल’, ‘बंगाल का दुष्काल’, ‘राणा प्रताप के पुत्रों से’, ‘अहमदनगर का दुर्ग’, ‘मारवाड़ का ऊंट सुजान’ उनकी चर्चित कविताएं हैं। ‘ऊंट सुजान’, ‘मरुधरा’, ‘राष्ट्रकथा’, ‘रिमझिम’, ‘आत्म पुकार’ और ‘धूप चांदनी’ भरत व्यास के प्रमुख काव्य संग्रह हैं, तो वहीं ‘तेरे सुर मेरे गीत’ और ‘गीत भरा संसार’ उनके गीत संग्रह और ‘रंगीला मारवाड़’, ‘ढोला मारू’ एवं ‘तीन्यू एकै ढाल’ नाटक हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
“अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस”
प्लास्टिक मानव जीवन एवं प्रकृति के लिए हानिकारक है। स्वच्छ, शुद्ध और रोगमुक्त पर्यावरण के लिए प्लास्टिक के बैग उपयोग नहीं करने का संकल्प लें, कागज या कपड़े के बने थैलों का उपयोग करें।

मोदी सरकार ने मंत्रिमंडलीय समितियों का किया गठन, नियुक्ति संबंधी समिति में पीएम मोदी और अमित शाह

# राजनीतिक मामलों की कमेटी में सहयोगी दलों के मंत्री भी शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्रिमंडलीय समितियों का बुधवार को गठन कर दिया जिसमें महत्वपूर्ण नियुक्ति संबंधी समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह को रखा गया है। गठबंधन के सहयोगी दल जनता दल(एस), जनता दल(यू) और तेलुगु देशम पार्टी के कोटे से बनाए गए मंत्रियों को भी समितियों में जगह दी गई है।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार राजनीतिक मामलों की समिति प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी , स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यम विभाग के मंत्री जीतन राम मांझी, बंदरगाह जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू एवं कोयला तथा खान मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल किए गए हैं।

## आर्थिक मामलों की समिति

आर्थिक मामलों की समिति में प्रधानमंत्री के साथ राजनाथ सिंह, शाह, गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, डॉ. जयशंकर, एच डी कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेन्द्र प्रधान और राजीव रंजन सिंह को रखा गया है।

सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में मोदी के अलावा, सिंह, शाह, सीतारमण और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शामिल हैं।

## संसदीय कार्य संबंधी समिति: मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य

संसदीय कार्य संबंधी समिति में सिंह के साथ शाह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण, राजीव रंजन सिंह, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, नायडू, जुएल ओरांव, रिजिजू और सी आर पाटिल शामिल हैं। इस समिति में अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल मुरूगन को विशेष आमंत्रित सदस्य रखा गया है।

**निवेश और आर्थिक वृद्धि संबंधी समिति :** निवेश और आर्थिक वृद्धि संबंधी समिति में प्रधानमंत्री के साथ सिंह, शाह, गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, श्री हरदीप सिंह पुरी और श्री चिराग पासवान शामिल किये गये हैं। राव इंद्रजीत सिंह और प्रताप राव जाधव को समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य का दर्जा दिया गया है।आर्थिक मामलों की कौशल, रोजगार एवं आजीविका समिति में प्रधानमंत्री के साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, प्रधान, वैष्णव, यादव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरदीप पुरी और डॉ. मनसुख मांडविया शामिल हैं। जयंत चौधरी को विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

**शाह आवासी समिति के अध्यक्ष :** सरकार ने शाह की अध्यक्षता में आवास समिति का गठन किया है जिसमें नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, मनोहर लाल और गोयल को शामिल किया गया है। डा. जितेन्द्र सिंह इस समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं।

## हरियाणा में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी आप



**चंडीगढ़।** हरियाणा में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी राज्य की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर कोई गठबंधन नहीं किया जाएगा। पार्टी की हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी की नई दिल्ली में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा करने के साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर बातचीत की गई। प्रदेश पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारियों के सुझाव लिए गए। पार्टी ने तय किया है कि अगले तीन माह तक हर बूथ को मजबूत किया जाएगा और बूथ योद्धा तैयार किए जाएंगे। पार्टी लोकसभा स्तरीय रैलियां भी करेगी, जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सुनीता केजरीवाल समेत पार्टी के अधिकतर वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

## पीएम मोदी के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हवाई दुर्घटना की साजिश रचने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के दावे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा से प्रतिबंधित करने की मांग वाली अपील बुधवार को खारिज कर दी। साथी ही कोर्ट ने कहा कि याचिका में लगाए गए आरोप काल्पनिक और बेबुनियाद हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीश तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि वे एकल न्यायाधीश से सहमत हैं, जिन्होंने पहले याचिका खारिज कर दी थी। खंडपीठ ने संबंधित पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ), उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) और जिला न्यायाधीश को चिकित्सा स्वास्थ्य अधिनियम के प्रावधानों के मद्देनजर उस पर नजर रखने का निर्देश दिया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब, PM मोदी का विपक्ष पर प्रहार

# हमने पांच साल में जो काम किए कांग्रेस को 20 साल लग जाते

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं, उन्हें गांधी परिवार को भी आड़े हाथों लिया।

एक घंटे 50 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने मणिपुर के हालात, नीट पेपर लीक जैसे मुद्दों पर भी



बयान दिया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष की ओर से लगाए गए कई आरोपों का जवाब भी दिया। लोकसभा में उनका भाषण दो घंटे 15 मिनट का था।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने पिछले पांच साल में जितना काम किया है, उतना काम करना होता तो कांग्रेस को 20 साल लग जाते। पूर्वोत्तर में स्थाई शांति के लिए 10 साल निरंतर प्रयास किए गए हैं। बिना रुके, बिना थके प्रयास किए गए हैं। उसकी चर्चा देश में कम हुई है, लेकिन परिणाम व्यापक रहे हैं। उन्होंने पेपर लीक पर कहा कि हम चाहते थे कि पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न हो, लेकिन विपक्ष को इसकी आदत है। मैं भारत के युवाओं को आश्वस्त करता हूं कि नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा मिले, इसके लिए एक्शन लिए जा रहे हैं।

## विभिन्न मुद्दों पर पीएम मोदी कही अपनी बात

### मणिपुर: हालात सामान्य करने के लिए निरंतर प्रयास

पीएम मोदी ने कहा, मणिपुर की स्थिति सामान्य करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। वहां जो घटनाएं घटीं, 11 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं हैं, 500 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। इस बात को भी हमें स्वीकार करना होगा कि मणिपुर में लगातार हिंसा की घटनाएं कम होती जा रही हैं। मणिपुर में भी स्कूल-कॉलेज संस्थान खुले हुए हैं। जैसे देश में परीक्षाएं हुईं, वहां भी परीक्षाएं हुई हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी से बातचीत करके सौहार्द का रास्ता निकालने की कोशिश कर रही है। छोटे-छोटे ग्रुपों से बात की जा रही है। गृहमंत्री वहां जाकर कई दिन रहे हैं। अधिकारी भी लगातार जा रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए हर प्रकार से प्रयास किया जा रहा है।

### संविधान: खरगे से पूछे सवाल और किया प्रहार

पीएम मोदी ने कहा, जब खरगे जी ऐसा बोलते हैं, तब पीड़ा होती है। संविधान पर जब बुल्डोजर चला दिया गया, करोड़ों लोगों को यातनाएं दी गईं और उनका जीना मुश्किल कर दिया गया था, क्या वो भूल गए? वह कौन सा संविधान था जिसको लेकर आपने सात साल लोकसभा चलाई और सत्ता की मौज लेते रहे, आप हमें संविधान सिखाते हो। दर्जनों आर्टिकल्स को, संविधान की आत्मा को छिन्न-भिन्न करने का पाप इन लोगों ने किया था। इनके मुंह से संविधान की बात शोभा नहीं देती, ये पाप करके बैठे हुए लोग हैं।

### कांग्रेस पर भी किया हमला, कहा-पुराने पाप नहीं धुलते

पीएम मोदी ने संविधान के बहाने कांग्रेस पर खूब हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को संविधान की बात करना शोभा नहीं देता। हमने इमरजेंसी को काफी नजदीक से देखा है। मैं पूरी गंभीरता के साथ कहता हूं कि कांग्रेस सबसे बड़ी संविधान विरोधी पार्टी है। संविधान के प्रति के सहारे अपने कारनामे छुपाने की कांग्रेस कोशिश कर रही है। पुराने पाप नहीं धुलते हैं। कांग्रेस को सिर्फ एक परिवार की चिंता है। ये परजीवी कांग्रेस है। जहां अकेले लड़ी वहां खत्म हो गई।

### 'आप' पर साधा निशाना... कांग्रेस को घेरा

पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया कि केंद्र सरकार, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। शराब घोटाला करे आप, भ्रष्टाचार करे आप, बच्चों के क्लासरूम बनाने में घोटाले करे आप, पानी में घोटाला करे आप...आप की शिकायत करे कांग्रेस और उसे कोर्ट तक घसीटे, लेकिन कार्रवाई हो तो गाली मोदी को दें। पीएम मोदी ने कहा अब आप और कांग्रेस साथी बन गए हैं। हिम्मत है तो आप वाले कांग्रेस पार्टी से जवाब मांगें। कांग्रेस देश को बताए कि कांग्रेस ने प्रेस वार्ता करके आप के घोटालों के जो इतने सारे सबूत देश के सामने रखे थे, वो सच्चे थे या झूठे थे?

### संदेशखाली मुद्दे पर मुंह पर ताले लगाकर बैठ गए

पीएम मोदी ने कहा-जो घटना संदेशखाली में हुई, जिसकी तस्वीरें रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं, लेकिन बड़े बड़े दिग्गज जिनको मैं कल से सुन रहा हूं, पीड़ा उनके शब्दों में भी नहीं झलक रही है। इससे बड़ा शर्मिंदगी का चित्र क्या हो सकता है? जो लोग खुद को प्रगतिशील नारी नेता मानते हैं, वो भी मुंह पर ताले लगाकर बैठ गए हैं। क्योंकि घटना का संबंध उनके राजनीतिक जीवन से जुड़े दल से या राज्य से है।

### मुलायम सिंह के बयान का जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलायम सिंह के बयान का जिक्र कर अखिलेश यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा, मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि कांग्रेस ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया।

### जनता ने अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर पर पहुंचाने का काम सौंपा

पीएम मोदी ने कहा- देश की जनता ने हमें भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया में तीसरी नंबर पर पहुंचाने का काम दिया है। हमारी सरकार ने 10 नंबर से 5 नंबर पर पहुंचाया है। विपक्ष सिर्फ इंतजार करना जानता है। उन्हें रिमोट कंट्रोल की आदत है। हम परिश्रम में विश्वास करते हैं। देश की जनता के विवेक पर मुझे गर्व है। उन्होंने परफॉरमेंस को प्राथमिकता दी और प्रोपगेंडा को फेल कर दिया।

### जिसे सजा मिलनी चाहिए थी, उसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं खरगे

पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ऐसे व्यक्ति को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें चुनाव में खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना चाहिए था। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि जब भी पार्टी खराब प्रदर्शन करती है तो गांधी परिवार दोष लेने के लिए अन्य नेताओं, आमतौर पर दलित या ओबीसी को आगे बढ़ाता है ताकि परिवार सुरक्षित रहे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा,लोकसभा चुनाव नतीजों से न सिर्फ पूंजी बाजार में उछाल देखने को मिल रहा है, बल्कि दुनिया भर में खुशी का माहौल है। इस बीच, कांग्रेस के लोग भी खुश हैं। इस खुशी का कारण समझ नहीं आ रहा है। क्या यह खुशी हार की हैट्रिक के लिए है? क्या यह खुशी नर्वस 90 में गिरने के लिए है? प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी परिवार द्वारा केरल के सांसद के सुरेश को बलि का बकरा बनाया गया। कांग्रेस जानती थी की हार निश्चित है, फिर भी पार्टी ने उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतारा। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में एनडीए की ओर से ओम बिरला को मैदान में उतारा गया था। चुनाव के बाद ओम बिरला की जीत हुई थी।

मणिपुर: कुकी कैदी को अस्पताल न ले जाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा...

# हमें राज्य सरकार पर भरोसा नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर जेल में बंद कुकी समुदाय के विचाराधीन कैदी को इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाने पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने पीड़ित के अल्पसंख्यक कुकी समुदाय का होने के कारण सरकार पर भरोसा नहीं होने की बात कही है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और उज्ज्वल भुयन की खंडपीठ ने लुंखोनगम हाओकिप की याचिका पर विचार करते हुए बुधवार को कड़ी टिप्पणी की



है। जेल में बंद हाओकिप का आरोप है कि वह पाइल्स और ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) की बीमारी से पीड़ित है। उसकी पीठ में तेज दर्द होने के बावजूद उसे जेल प्रशासन ने अस्पताल में भर्ती नहीं कराया है।

## 15 जुलाई तक मांगी गई रिपोर्ट

हाओकिप के सरकार पर भरोसा नहीं होने की बात कहने पर अदालत ने इस मामले पर कहा कि यह बेहद दुखद है। हम हाओकिप की चिकित्सकीय जांच कराने का आदेश देते हैं। अगर मेडिकल रिपोर्ट में कुछ गंभीर मिला तो हम आगे की कार्रवाई करेंगे। कोर्ट ने 15 जुलाई तक एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। साथ ही राज्य सरकार को कहा है कि कैदी के इलाज समेत उसके आने-जाने के खर्च का भी वहन करें। पीठ ने जेल अधीक्षक और राज्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पीड़ित को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें और वहां उसकी जांच करवाएं। उल्लेखनीय है कि हाओकिप के वकील ने दावा किया कि बार-बार के आग्रह के बावजूद भी जेल में बंद हाओकिप को चिकित्सकीय सहायता नहीं दी गई है।

नीतीश: जमीन का सर्वे जल्द पूरा कर दें...

# पैर पकड़ने को कहोगे तो वह भी कर लूंगा

एजेंसी | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना में राजस्व भूमि सुधार विभाग के एक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस मौके पर उन्होंने जमीन सर्वेक्षण का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा से कहा कि जमीन सर्वेक्षण का काम जुलाई 2025 तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा, हाथ जोड़कर कह रहा हूं जमीन सर्वेक्षण का काम जल्द पूरा करेंगे। पैर पकड़ने को कहेंगे तो आपके पैर भी पकड़ लूंगा, लेकिन जुलाई 2025 तक काम को पूरा करा लें। नीतीश कहा कि यह काम दिसंबर 2020 में पूरा होना था, लेकिन अब 2024 की बात कही



जा रही है। 2025 में चुनाव भी हैं और चुनाव से पहले सभी काम पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि काम जल्द खत्म होगा तो लोगों को बता सकेंगे कि काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों (डीएम) को भी निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों में जमीन सर्वेक्षण का काम जल्द से जल्द पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इस नियुक्ति से राज्य में भूमि रिकॉर्ड के रखरखाव और भूमि विवादों के समाधान में सुधार होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष का राज्यसभा से वॉकआउट

# खरगे ने पीएम पर साधा निशाना, कहा- उच्च सदन को कर रहे गुमराह

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान बुधवार को विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दिए जाने पर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक की पार्टियों के नेताओं ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने जवाब के दौरान उच्च सदन को कुछ गलत बातें बताई। खरगे ने वॉकआउट के तुरंत बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, झूठ बोलना, लोगों को गुमराह करना





और सच से परे बातें कहना उनकी आदत है। मैंने उनसे सिर्फ इतना कहा कि आप संविधान के बारे में बात कर रहे हैं तो संविधान आपने नहीं बनाया। आप लोग उसके विरोध में थे। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ यह यह स्पष्ट करना चाहता था कि कौन संविधान के पक्ष में हैं और कौन इसके खिलाफ हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 1950 में अपने संपादकीय में लिखा था कि संविधान के बारे में बुरी बात यह है कि इसमें भारत के इतिहास के बारे में कुछ नहीं है। उन्होंने संविधान का विरोध किया था। वे शुरू से ही इसके खिलाफ हैं और वे कहते हैं कि वे इसके पक्ष में हैं। डॉ.अंबेडकर, पंडित नेहरू के पुतले जलाए गए थे। अब वे कह रहे हैं कि हम (विपक्ष) इसके (संविधान के) खिलाफ हैं।

### नहीं मिली पीएम के भाषण के दौरान हस्तक्षेप की अनुमति

विपक्ष के नेता खरगे सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी के जवाब के दौरान हस्तक्षेप करना चाहते थे। हालांकि,सभापति जगदीप धनखड़ ने उनके अनुरोधों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने नारेबाजी की और विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति देने की मांग की। नारेबाजी के बीच पीएम मोदी ने अपना भाषण जारी रखा। यह कुछ समय तक चलता रहा और खरगे बार-बार बोलने की अनुमति देने का अनुरोध करते रहे।

### विपक्ष के नेता का सम्मान करना सबकी जिम्मेदारी: पवार

खरगे का बचाव करते हुए पवार ने मांग की कि प्रधानमंत्री या राज्यसभा को उनका सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वह संवैधानिक पद पर हैं। चाहे वह प्रधानमंत्री हों या सदन के सभापति, उनका सम्मान करना उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन आज इस सबको नजरअंदाज कर दिया गया। इसलिए पूरा विपक्ष उनके साथ है और इसलिए हम बाहर चले गए।

### वॉकआउट करने वालों में सोनिया गांधी व शरद पवार भी शामिल

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान खरगे के साथ वॉकआउट करने वालों में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार शामिल थे।

### विपक्ष सदन नहीं, मर्यादा छोड़कर गया: धनखड़

विपक्ष के वॉकआउट के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, मैं अत्यंत दर्दनाक, पीड़ादायक, अमर्यादित आचरण से दुखी हूं। वे सदन छोड़कर नहीं गए हैं, मर्यादा छोड़कर गए हैं। धनखड़ ने कहा, आज उन्होंने (विपक्ष) मुझे पीठ नहीं दिखाई है। बल्कि भारत के संविधान को पीठ दिखाई है। उन्होंने मेरा अनादर नहीं किया है। बल्कि उस शपथ का अनादर किया है जो संविधान के तहत ली है। मैं इस आचरण की निंदा करता हूं। पीएम मोदी ने भी वॉकआउट की निंदा की और कहा कि वह अंक हासिल करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपनी सरकार के प्रदर्शन का लेखा-जोखा देना उनका कर्तव्य है

## जरूरी खबर

### नीट-यूजी पेपर लीक: झारखंड से एक और अरेस्ट

**धनबाद (झारखंड)।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में झारखंड में सीबीआई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को धनबाद से कथित सह-साजिशकर्ता अमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में सीबीआई की ओर से की गई यह सातवीं गिरफ्तारी है। सीबीआई ने पहले ने पेपर लीक में कथित रूप से शामिल झारखंड के मॉड्यूल के बारे में खुफिया जानकारी जुटाई, फिर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सीबीआई ने रविवार को गुजरात के गोधरा जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। बता दें कि CBI ने बीते 29 जून को झारखंड के हजारीबाग से एक हिंदी मीडिया संगठन के मार्केटिंग प्रोफेशनल जमालुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया था।

### असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 23 जिले चपेट में



**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ का कहर जारी है। 23 जिलों के करीब 11.50 लाख लोग बाढ़ के कारण प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों समेत कई नदियों का जलस्तर अपने खतरे से ऊपर बह रहा है। बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण राज्य में अबतक 48 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के नागांव जिले में बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। करीब 30,000 लोग अब तक बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी के बाढ़ के पानी से हातिमुरा तटबंध का एक बड़ा हिस्सा टूट गया।

### अग्निवीर पर राहुल के दावे का सेना ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक वीडियो के माध्यम से केंद्र सरकार पर निशाना साधा हैं। इस वीडियो में राहुल शहीद अग्निवीर अजय सिंह के परिजनों से बात करते नजर आ रहे हैं। अजय सिंह के परिवार का कहना है कि केंद्र सरकार ने नहीं बल्कि पंजाब सरकार ने उनकी मदद की। राहुल गांधी ने अजय सिंह के पिता से बातचीत का वीडियो भी दिखाया। राहुल गांधी ने दावा किया 'शहीद अजय सिंह के पिता ने मेरे और रक्षामंत्री के भाषण सुनने के बाद ये बयान दिया। उधर, भारतीय सेना ने राहुल गांधी के दावों का खंडन किया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स के अपने आधिकारिक अकाउंट पर बताया कि अग्निवीर अजय के परिवार को पहले ही 98.39 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। अब पुलिस द्वारा सत्यापन किए जाने के बाद परिवार को 67 लाख रुपए दिए जाएंगे।

## पर्वतारोहण से लौटे एनसीसी अभियान दल का स्वागत



*नई दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में लद्दाख के माउंट कांग यात्से-II के पर्वतारोहण अभियान दल में शामिल एनसीसी कैडेट्स का स्वागत किया। इस एनसीसी पर्वतारोहण अभियान दल में 27 गर्ल और बॉय कैडेट्स, 5 अधिकारी और 17 प्रशिक्षक कर्मचारी शामिल थे।*

## SC: NIA को फटकार, न्याय का मजाक ना उड़ाएं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नकली करेंसी के एक मामले में मुकदमा चलाने में देरी के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने यह कहा है कि त्वरित सुनवाई का संवैधानिक अधिकार कथित अपराध की गंभीरता पर निर्भर नहीं कर सकता है। एनआईए की वजह से आरोपी को बिना सुनवाई के चार साल तक जेल में रहना पड़ा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और उज्ज्वल भुयान की पीठ ने अपराध की गंभीरता के बावजूद त्वरित सुनवाई के संवैधानिक अधिकार पर जोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, आप एनआईए हैं। न्याय का मजाक न उड़ाएं। चार साल हो गए हैं, और मुकदमा शुरू नहीं हुआ है। ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। आरोपी ने जो भी अपराध किया है, उसे त्वरित सुनवाई का अधिकार है।

## हाथरस दुखान्तिका: SDM ने सौंपी रिपोर्ट, बताई भगदड़ की वजह

# भीड़ को रोकने के लिए बाबा के सेवादारों ने की थी धक्का-मुक्की

**एजेंसी** | लखनऊ

हाथरस में नारायण हरि साकार के नाम से प्रसिद्ध सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ और 121 लोगों की मौत के मामले में सिकंदरा राव के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है।

इस रिपोर्ट में हादसे को लेकर विस्तार से ब्योरा सौंपा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्संग समाप्त होने के बाद भोले बाबा पांडाल से बाहर निकले। इसी बीच, उनके चरण स्पर्श करने और चरण रज लेने के लिए भीड़ उनके वाहन की तरफ दौड़ पड़ी। बाबा के निजी सुरक्षाकर्मियों और सेवादारों ने भीड़ को वाहन के पास जाने से रोकने के लिये धक्का मुक्की की। इससे कई महिलाएं गिर पड़ी और भीड़ उनके ऊपर से गुजर गई। इससे एक दूसरे को कुचल दिया गया।

एसडीएम के अलावा सीएम आदित्यनाथ योगी के निर्देश पर बनाई गई अपर पुलिस महानिदेशक आगरा और अलीगढ के मंडलायुक्त की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने भी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट देने के लिए सीएम की तरफ से 24 घंटे का समय दिया गया था। इस बीच सीएम योगी भी बुधवार को हाथरस पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल के साथ ही अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को फिलहाल अपनी जांच जारी रखने और मामले की तह तक जाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही घटना के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए न्यायिक जांच का भी आदेश दिया है। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ रिटायर अधिकारी भी जांच करेंगे।



### मृतकों में डीग का एक श्रद्धालु भी शामिल

हाथरस में दुखान्तिका में मारे गए श्रद्धालुओं में उत्तर प्रदेश के मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के भी श्रद्धालु शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी मृतकों की सूची में 6 मृतक अन्य राज्यों से है। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक, हरियाणा के पलवल से एक और फरीदाबाद से 3, जबकि राजस्थान के डीग से 1 श्रद्धालु शामिल है। इन सभी मृतकों के परिजनों को योगी सरकार सहायता राशि प्रदान करेगी। मृतकों में सर्वाधिक 22 मृतक हाथरस से हैं। उत्तर प्रदेश के 106 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कुल 121 में से अब तक 112 की शिनाख्त हुई है। इन 121 मृतकों में से 113 महिलाएं, 6 बच्चे व 2 पुरुष शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, PIL में की गई ये मांग

नई दिल्ली। हाथरस भगदड़ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर मांग की गई है कि मामले की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त की जाए। जनहित याचिका में यह भी मांग की गई है कि जन सुरक्षा के हितों को देखते हुए भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों इसके लिए समिति दिशा निर्देश तय करने के सुझाव दे। उत्तर प्रदेश सरकार को हाथरस भगदड़ की स्थिति रिपोर्ट दाखिल का निर्देश दिया जाए। साथ ही पूछा जाए कि लापरवाही के दोषियों के खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई की गई है।

### अब बाबा बोले- मैं पहले ही वहां से चला गया था



हाथरस में हुए हादसे के बाद मंगलवार देर रात भोले बाबा मैनपुरी के बिछवां कस्बा स्थित अपने आश्रम पर पहुंचे। तभी से पुलिस ने आश्रम की किलेबंदी कर दी। बुधवार शाम तक आश्रम के आसपास पुलिस ही पुलिस नजर आ रही थी। हालांकि पुलिस अधिकारियों से जब पूछा गया तो वह बाबा के आश्रम में मौजूद होने की बात से इनकार करते रहे। इस बीच, भोले बाबा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि मैं पहले ही वहां से चला गया था। उन्होंने इस हादसे के पीछे असामाजिक तत्वों को जिम्मेदार बताया है।

### दो लाख से अधिक लोग थे पांडाल में

एसडीएम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एटा रोड पर स्थित मुगलगढी के ग्राम फुलरई में श्री नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के प्रवचन कार्यक्रम को सुनने के लिए दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ पांडाल में मौजूद थी।

### 17 दिनों से जारी थी तैयारियां

बाबा के सत्संग की 17 दिनों से तैयारी चल रही थी। 2 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम में 26 जून से ही मध्य प्रदेश राजस्थान और आसपास के राज्यों की तकरीबन 500 बसें पहले ही पहुंच चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिकंदराराव से गुजरने वाली जीटी रोड पर जिस तरीके का मजमा लगना शुरू हुआ था उससे अंदाजा था कि यहां पर कार्यक्रम बहुत बड़ा होने वाला है।

### पसली टूटने, फेफड़े फटने, दम घुटने से हुई मौतें

हाथरस सत्संग हादसे में जान गंवाने वाले 102 मृतकों के शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अधिकतर मौतों का कारण पसली टूटना, फेफड़े फट जाने व भगदड़ में दम घुटना आया है। मंगलवार पूरी रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी रही। अलीगढ़, हाथरस, एटा में इन सभी शवों का पीएम कराया गया।

### रोते-बिलखते परिजन अपनों के शव लेकर गए

पोस्टमार्टम हाउस पर रोते-बिलखने परिजन अपनों के शव लेकर अपने-अपने घरों को रवाना हुए। रातभर रूके परिजनों के खाने व जाने के लिए वाहन व डीजल की व्यवस्था प्रशासन के द्वारा कराई गई।

## झारखंड: CM चंपई सोरेन का इस्तीफा

# हेमंत सोरेन होंगे नए मुख्यमंत्री, सरकार बनाने का दावा पेश



**एजेंसी** | रांची

झारखंड में बड़ी राजनीतिक हलचल हुई है। राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार शाम राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल बुधवार शाम ही पुड्डुचेरी से रांची पहुंचे थे। सोरेन के इस्तीफे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने के लिए राज्यपाल को अपना दावा पेश किया। इस दौरान हेमंत सोरेन ने जेएमएम-राजद और कांग्रेस विधायकों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र भी सौंपा। इससे पहले गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपई सोरेन के आवास पर एक बैठक के दौरान सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुनने का फैसला किया था। ज्ञात रहे कि झारखंड में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव भी प्रस्तावित है। इसलिए राजनीतिक दृष्टि से इस कदम को बहुत ही अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में ही कई मंत्री भी शपथ लेंगे। हेमंत सोरेन के 7 जुलाई को सीएम पद की शपथ लेने की संभावना है। चंपई सोरेन ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के बाद कहा,अब हेमंत बाबू आ गए हैं। हमने और हमारे गठबंधन ने हेमंत सोरेन को फिर से नेता चुना। जिस पद पर मैं था उस पद से मैंने इस्तीफा दे दिया है। जो गठबंधन का निर्णय हुआ। हमने उसी पर काम किया। हालांकि,हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ कब लेंगे, अभी इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### विधानसभा में किस पार्टी के कितने विधायक

झारखंड की 81-सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 76 सदस्य हैं। देश में हुए लोकसभा चुनाव के बाद, राज्य में झामुमो-नीत गठबंधन के विधायकों की संख्या घटकर 45 रह गई है, जिनमें झामुमो के 27, राजद का एक और कांग्रेस के 17 विधायक शामिल हैं। दरअसल झामुमो के दो विधायक- नलिन सोरेन और जोबा माझी, अब सांसद हैं, जबकि जामा से विधायक सीता सोरेन ने भाजपा के टिकट पर आम चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। झामुमो ने बिशुनपुर से विधायक चमरा लिंडा और बोरियो से विधायक लोबिन हेम्ब्रम को पार्टी से निष्कासित कर दिया था, लेकिन उन्होंने अभी तक विधानसभा से इस्तीफा नहीं दिया है।

## चीन-पाकिस्तान को कड़ा संदेश

# नियंत्रण रेखा पर पहुंचे जनरल उपेंद्र द्विवेदी... सुरक्षा हालात की समीक्षा

**एजेंसी** | जम्मू

नए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पदभार संभालते ही चीन और पाकिस्तान को संकेतों में बड़ा संदेश दिया है। बुधवार को जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पहला दौरा जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा का रहा। जहां उन्होंने एलओसी पर सुरक्षा हालात की समीक्षा की। वहीं, लेह स्थित 14 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला भी पूर्वी लद्दाख में उस जगह पहुंचे, जहां करीब चार साल पहले भारत-चीन के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इन दोनों ही दौरों को चीन और पाकिस्तान को कड़ा संदेश माना जा रहा है।



जनरल उपेंद्र द्विवेदी बुधवार को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के से सटी फॉरवर्ड लोकेशन पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचींद्र कुमार और व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा भी साथ थे। इस दौरान उन्होंने नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा हालात की समीक्षा की।

इस दौरान ने सेना प्रमुख को जमीनी स्तर पर ऑपरेशन तैयारियों की जानकारी दी गई। वहीं उन्होंने पुंछ पहुंच कर सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक भी की। नियंत्रण रेखा का दौरा करने के बाद वह नगरोटा पहुंचे, जहां उन्होंने सेना के कमांडरों से मुलाकात की और जम्मू क्षेत्र में आतंक के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन का जायजा लिया।

### बहुत ही अहम है सेनाध्यक्ष का दौरा

सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना प्रमुख बनते ही जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पहला जम्मू दौरा काफी मायने रखता है। पिछले कुछ समय में इस क्षेत्र में पाकिस्तान की तरफ से प्रायोजित आतंकी घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। यह दौरा पाकिस्तान के लिए कड़ा संदेश है कि सेना का नया नेतृत्व आतंकवाद के मसले को लेकर काफी गंभीर है। जनरल द्विवेदी खुद उत्तरी कमान के कमांडर रह चुके हैं।

### जम्मू में आतंकियों के सात दल सक्रिय

सैन्य सूत्रों का कहना है कि घाटी में सुरक्षा हालात अपेक्षाकृत स्थिर है। लेकिन जम्मू में आतंकी फिर से पैर पसारने लगे हैं। आतंकियों के सात दल सक्रिय हैं और घने जंगलों में छुपे हुए हैं। डोडा और राजौरी, पुंछ इलाकों में आतंकियों के सफाए के लिए ऑपरेशन तेज हो गए हैं। यह इलाका भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स यानी 16 कोर के तहत आता है। 16 कोर, जो पीर पंजाल रेंज के दक्षिणी क्षेत्रों की देखभाल करती है, ने पिछले तीन वर्षों में कई बड़े आतंकवादी हमलों को देखा है।

### लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला पहुंचे गलवान



वहीं सोमवार को लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स यानी 14 कोर की कमान संभालने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला का पहला दौरा गलवान का रहा। भारत-चीन के बीच चल रहे गतिरोध के बीच इस दौरे के भी बड़े मायने निकाले जा रहे हैं। वहीं, चीन के लिए भी यह कड़ा संदेश माना जा रहा है। फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की। हालांकि उसमें लोकेशन का नाम नहीं लिखा था। फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने त्रिशूल डिवीजन का दौरा किया। उन्होंने लद्दाख में अग्रिम क्षेत्रों तैनात सैनिकों से बातचीत की। उन्होंने त्रिशूल योद्धाओं की सराहना की।

### चीन ने किए तिब्बत में J-20 लड़ाकू विमान तैनात

तिब्बत ने चीन में जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमानों को तैनात किया है। इस तैनाती को भारत के खिलाफ देखा जा रहा है। ऐसे में भारत ने भी सीमा पर भारतीय लड़ाकू विमानों को तैनात कर जवाबी कदम तेज कर दिए हैं। जे-20 को चीन का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान माना जाता है। हाल में ही सैटेलाइट इमेज में तिब्बत के शिगात्से एयर बेस पर इसे खड़े हुए देखा गया है।

### मिलन समारोह में नए विचारों और चुनौतियों के साथ आगे बढ़ने के आइडियाज पर चर्चा

# महिला उद्यमियों ने शेयर की अपनी जर्नी, सक्सेस होने के दिए टिप्स

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर की जानी-मानी महिलाओं ने अपने पैशन के बारे में बात की और गेट टुगेदर करते हुए सक्सेस पर चर्चा का सत्र आयोजित किया। मौका था शहर की प्रतिष्ठित महिला उद्यमियों के अनूठे प्रोग्राम का, जिसमें एफबीएस जयपुर की महिला उद्यमी शामिल हुईं और मिलन समारोह आयोजित किया गया। नेहा सिंघी के साथ मिलकर अनूठे तरीके से सभी लेडीज ने सी-स्कीम स्थित एक रेस्त्रां में आयोजन किया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पैशन के बारे में बताया। सेशन के दौरान उन्होंने अपनी जर्नी शेयर की दूसरो को भी सक्सेस होने के लिए टिप्स दिए। इस मौके पर उन्होंने शानदार प्लेटर फूड को एंजॉय किया।




#### नए विचार और चुनौतियों पर हुई बात

इस मौके पर वैशाली मोदी, रश्मि कोटवाला, मूनमू पोद्दार, डॉ. ऋचा शर्मा, तरंग अग्रवाल, राखी खंडेलवाल, सूचिता मानक बोहरा टीम ने मिलकर सभी उद्यमियों को वर्तमान समय में उद्यमिता के लिए नए विचारों और चुनौतियों के साथ आगे बढ़ने के लिए नए आइडियाज दिए।




#### नए अंदाज में प्रस्तुत किए अपने ब्रांड

एक दूसरे को सपोर्ट करने के लिए इस एक अनूठे प्लेटफार्म पर सभी महिलाएं एक दूसरे को बिजनेस में सहयोग करती हैं। इस मौके पर शुबेकशा अग्रवाल, जूही अहलूवालिया, सीमा अग्रवाल, सलोनी गुप्ता, साक्षी सेठी, साक्षी मेहता, पूर्वा जैन, अति जैन, आदि ने अपने-अपने ब्रांड को नए अंदाज में प्रस्तुत किया।

## भंसाली जियो स्टूडियो के साथ करेंगे 'लव एंड वॉर'



**बेधड़क. जयपुर।** संजय लीला भंसाली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' के लिए जियो स्टूडियो से कोलेब्रेट किया है। पिंक विला के एक्सक्लूजिव रिपोर्ट के अनुसार एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि लव एंड वॉर संजय लीला भंसाली के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक है। भंसाली फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में उन्होंने संगीत को लॉक कर दिया है और रणबीर, आलिया और विक्की के साथ कई स्क्रिप्ट-रीडिंग सेशन भी किए हैं। एसएलबी 2024 की आखिरी तिमाही से फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार में हैं। रणबीर कपूर के साथ पहले एक छोटे शेड्यूल की संभावना है, लेकिन लव एंड वॉर की पूरी शूटिंग नवंबर तक तीनों के साथ शुरू हो जाएगी। सभी अभिनेताओं ने एसएलबी को बल्क में डेट्स दे दी हैं। बता दें कि आलिया वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स फिल्म की शूटिंग पूरी करेंगी, वहीं रणबीर और विक्की क्रमशः रामायण: पार्ट वन और चाव्वा के पैचवर्क पर अपना काम पूरा करेंगे।

## प्रोड्यूसर एकता कपूर की जीवनी पर बनेगी फिल्म



**बेधड़क. जयपुर।** कामयाब फीमेल प्रोड्यूसर्स में से एक एकता कपूर की जीवनी पर फिल्म बनेगी। एकता की खास दोस्त और प्रोड्यूसर निवेदिता बासु की मानें तो एकता की जीवन पर फिल्म जरूर बनेंगी। हालांकि, इसका अधिकार उन्होंने सिर्फ अपने तक ही सीमित रखा है। हाल ही में एक इंटरव्यू में निवेदिता बासु कहती हैं, 'ये तय है कि एकता कपूर पर बायोग्राफी कभी न कभी जरूर बनेगी। हालांकि, इसके राइट्स को फिलहाल उन्होंने खुद ही होल्ड किया हुआ है। एकता अपने आप में एक ब्रांड है। उनकी कहानी पर फिल्म बनाने के लिए कई लोग तैयार बैठे हैं। अब वह यह राइट्स किसे देंगी, यह बहुत बड़ा सवाल है। अगर कभी मुझे मौका मिला तो मैं उनकी बायोपिक बनाना चाहूंगी।' बता दें, निवेदिता बासु ने बतौर क्रिएटिव डायरेक्टर 15 सालों तक बालाजी टेलीफिल्म्स में काम किया था।

## City इवेंट्स

### सुरीली आवाज का जादू बिखेरेंगे मालूणी



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से मधुरम के तहत लोक गीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शुक्रवार शाम 7 बजे रंगायन सभागार में मालपुरा, टोंक से आने वाले रामकुमार मालूणी और समूह कलाकार सुरीली आवाज का जादू दिखाएंगे। कार्यक्रम केन्द्र की ओर से जुलाई में चलने वाली श्रृंखला जुलाई झनकार का हिस्सा है। जुलाई झनकार में मानसून को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। गौरतलब है केन्द्र की ओर से लोक कलाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हाल ही कबीर वाणी की प्रस्तुति में संत कबीर की सीख से सभी को सराबोर किया।

### नाटक 'बर्फ' का मंचन 7 को

**बेधड़क. जयपुर।** परम्परा नाट्य समिति की ओर से रवींद्र मंच के स्टूडियो थिएटर में रविवार की शाम 7 बजे से नाटक 'बर्फ' का मंचन किया जाएगा। नाटक कश्मीर की कहानी पर केंद्रित है कि जब सबकुछ खत्म हो जाता है तब एक आस बंधी रहती है। लेखक सौरभ शुक्ला के रियलिस्टिक नाटक का निर्देशन तमाशा साधक दिलीप भट्ट करेंगे।

### रोटेरियन विपन बहल को नवरत्न अवॉर्ड सहित 3 सम्मान मिले

**बेधड़क. जयपुर।** रोटेरियन विपन बहल को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 में नवरत्न अवॉर्ड, बेस्ट डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर एवं एवेन्यूज ऑफ सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। भीलवाड़ा में सम्पन्न हुए भव्य समारोह में डिस्ट्रिक्ट प्रांतपाल डॉ. निर्मल कुणावत ने यह अवार्ड्स विपिन को उनके द्वारा रोटरी में किए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए। विपन को हाल ही में संपन्न रोटरी की इंटरनेशनल कन्वेंशन सिंगापुर में सर्विस एबोव सेल्फ रिसेप्शन में आमंत्रित किया गया था। वहां पांच दिन की कन्वेंशन इन्होंने रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष गोर्दन मेकनली सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों से रोटरी इंटरनेशनल के सर्विस प्रोजेक्ट के बारे में चर्चा की। विपिन ने बताया कि इन सर्विस प्रोजेक्ट के तहत भारत के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी कार्य किया जा सकता है।



### प्राकट्य महोत्सव आज

## कलश यात्रा और हनुमान चालीसा के होंगे कार्यक्रम



**बेधड़क | जयपुर**

जगद्गुरु शंकराचार्य गोवर्धन मठपुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का 82वां प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में गुरुवार को मानसरोवर शिप्रा पथ वीटी रोड पर मनाया जाएगा।

इससे पहले पत्रकार कॉलोनी महेश्वरी सेवा सदन में प्रवास पर सत्संग मे बड़ी संख्या में भक्तों ने महाराज का आशीर्वाद लिया। दर्शन गोष्टी, नारायण पादुका, पूजन गुरु, दीक्षा और विद्वान आचार्यों द्वारा रुद्राभिषेक के आयोजन किए गए। इस मौके पर चिंताहरण काले हनुमान मंदिर महंत महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज ने शिरकत की। 4 जुलाई प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष में राम गोपेश्वर महादेव मंदिर परमहंस मार्ग से 3100 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी और हाथी, घोड़े, बैंड-बाजे के लवाजमें के साथ कार्यक्रम स्थल बीटी रोड ग्राउंड मानसरोवर पहुंचेंगी। कार्यक्रम स्थल पर हनुमान चालीसा पाठ विद्वान संत आचार्य द्वारा स्वास्ति वाचन का पाठ होगा। मीडिया प्रभारी मुकेश भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक आदित्य वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा व मेघेन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक रखी, जिसमें कार्यों की व्यवस्था को संभालने के लिए टोलियों का गठन किया गया।

### डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट पर टूरिज्म स्टेक होल्डर मीट आज


**बेधड़क. जयपुर।** फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से 13 से 15 सितंबर तक जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में चौथे राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। तैयारियों के सिलसिले में गुरुवार को रामबाग पैलेस में स्टेक होल्डर मीट का आयोजन किया जाएगा।

सभा में आरडीटीएम के स्टेक होल्डर्स की ओर से राज्य के पर्यटन परिदृश्य को मिलने वाले विविध लाभों को बताया जाएगा। एफएचटीआर और पर्यटन विभाग के बीच औपचारिक रूप से एमओयू किया जाएगा।

रामबाग पैलेस में हो रही इस स्टेक होल्डर मीट में पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ मुख्य अतिथि, जबकि निदेशक पर्यटन विभाग डॉ. रश्मि शर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगी। मुख्य वक्ताओं में एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, ताज ग्रुप के राजस्थान एरिया डायरेक्टर अशोक राठौड़ और एफएचटीआर जनरल सेक्रेटरी सीए वीरेन्द्र सिंह शेखावत शामिल होंगे।

### श्रवण सागर को मेकर्स ने दिया बर्थ डे गिफ्ट

## राजस्थानी फिल्म भरखमा का फर्स्ट सिंगल 'मन्ने हो गयो है प्यार' रिलीज



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थानी फिल्म भरखमा का फर्स्ट सिंगल रिलीज कर दिया गया है। यह गाना सोनी सांवता एंटरटेनमेंट के यू ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। खास बात यह है कि मेकर्स ने इसे फिल्म के हीरो श्रवण सागर के बर्थ डे पर रिलीज किया है।

गाने के बोल हैं- मन्ने हो गयो है प्यार। यह गीत श्रवण सागर कल्याण और अंजली राघव पर फिल्माया गया है। इसमें कोटा के रिवर फ्रंट को बहुत ही खूबसूरत तरीके से दिखाया गया है। गाने में श्रवण सागर और अंजली राघव में अच्छी कैमिस्ट्री दिखाई दे रही है। दोनों इस गाने में खूबसूरत लगे हैं। 'मन्ने हो गयो है प्यार' धनराज दाधीच ने लिखा है।

गौरव माली और रिन्नी चंद्रा के गाए इस गीत को संगीत से सजाया है महफूज ने। गाने में कारयोग्राफी राकेश नामदेव की है। एस सागर के डायरेक्शन में बनी भरखमा को प्रोड्यूस किया है सोनी सांवता एंटरटेनमेंट और पीके सोनी ने। सह निर्माता विकास सिरोही और मनीष मंगल तथा कार्यकारी निर्माता हरिराम किवाड़ व जुंजाराम हैं। भरखमा के डीओपी अभय आनंद और अजय के मीना हैं। एडिटिंग अमित ओझा ने की है। एक्शन का तड़का प्रदीप कड़का ने लगाया है। आर्ट डिपार्टमेंट सीपी सेन (छोटू)के जिम्मे रहा और प्रोडक्शन संभाला है कमलेश चौधरी ने।

**जस-2024** 5 से 7 जुलाई तक सीतापुरा के जेईसीसी में होगा आयोजन

# जयपुर में सजेगा जड़ाऊ गहनों और रंगीन रत्नों का संसार

**बेधड़क | जयपुर**

ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से 5 से 7 जुलाई तक सीतापुरा के जेईसीसी में जस-2024 में जयपुर के जड़ाऊ गहनों और रंगीन रत्नों का संसार सजेगा। जयपुर के ज्वैलर्स और रत्न व्यवसायी अपनी ज्वैलरी के साथ प्रेसियस और सेमी प्रेसियस कलर स्टोन का प्रदर्शन करेंगे। बीटूबी फॉर्मेट में जड़ाऊ गहनों व रंगीन रत्नों की बात दुनिया भर के विशेषज्ञ करेंगे। 161 बूथ जेम स्टोन व 114 बूथ ज्वेलरी के होंगे।




#### सीएम होंगे चीफ गेस्ट

उद्घाटन 5 जुलाई सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम दक, पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, सांसद मंजू शर्मा, सांसद दामोदर दास अग्रवाल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, विधायक गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता शो शामिल होंगे।

#### 1500 ट्रेड बायर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

इस बार शो 40 प्रतिशत ज्यादा बड़ा होगा। इसमें इस बार 275 बूथ पर रंगीन रत्न और खूबसूरत रत्न आभूषणों का नायाब नजारा देखने को मिलेगा। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, मेरठ जैसे शहरों से भी 14 से ज्यादा एग्जीबिटर्स शामिल होंगे। शो में भाग लेने के लिए दुनियाभर के 1500 से ज्यादा ट्रेड बायर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है।



## दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने व्यापार को बढ़ाने पर दिया जोर

# कजाकिस्तान में शहबाज से मिले पुतिन

एजेंसी | अस्ताना

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे के साथ संबंधों की तारीफ की। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने व्यापार को बढ़ाने पर ज्यादा जोर दिया। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने वस्तु विनिमय प्रणाली के तहत व्यापार को बढ़ाने का सुझाव दिया, वहीं रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि उनका देश पाकिस्तान को तेल की सप्लाई करने के साथ अनाज देकर खाद्य सुरक्षा में भी सहयोग करना चाहता है।



### टोकायेव के स्वागत समारोह में शामिल हुए जिनपिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुधवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव के एक स्वागत समारोह में शामिल हुए। जिनपिंग कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर हैं और यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 24वीं बैठक में भाग लेंगे।



### रूस से वस्तु विनियम प्रणाली चाहते हैं शहबाज

पुतिन के साथ बैठक के दौरान बोलते हुए पीएम शहबाज ने याद किया कि कैसे 1950 और 1960 के दशक में पाकिस्तान और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार और वस्तु विनिमय प्रणाली हुआ करती थी। प्रधानमंत्री शहबाज ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि मुझे लगता है कि आज वह समय है जब हम अपने व्यापार को नवीनीकृत करके और वस्तु विनिमय के तहत अपने व्यापार का विस्तार करके वित्तीय और अन्य बैंकिंग समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए बहुत फायदेमंद होगा और हम कई समस्याओं को दूर करने में सक्षम होंगे।

### द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का आग्रह

पाक पीएम शहबाज ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान में 1 मिलियन डॉलर को छू रहा है। पाकिस्तान-रूस संबंधों पर आगे बोलते हुए प्रधानमंत्री शहबाज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उन्हें यह साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि पिछले कई वर्षों से दोनों राज्यों के बीच द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, उन्होंने इसे बहुत सहजता की बात बताया। शहबाज ने पुतिन से कहा कि मैं अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करना चाहूंगा। हमारे पास करने के लिए बहुत कुछ है और हम आपके अनुभव से लाभ उठा सकते हैं।

### पाक-रूस संबंधों को बताया मजबूत

प्रधानमंत्री शहबाज ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान और रूस के बीच राजनयिक संबंध मजबूती पर आधारित हैं। न तो हमारे संबंध किसी भू-राजनीतिक आकस्मिकता से प्रेरित हैं और ना ही ये अन्य देशों के साथ संबंधों से प्रभावित हैं। शहबाज ने सितंबर 2022 में उज्बेकिस्तान में पुतिन के साथ अपनी बैठक को भी याद किया।

## ब्रिटेन की जनता इस बार करेगी बदलाव के लिए वोट: विश्लेषक

# ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए वोटिंग आज

एजेंसी | लंदन

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव होंगे। प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक ने प्रचार अभियान के दौरान पिछले कुछ हफ्तों में हजारों मील की यात्रा की, लेकिन फिर भी उनकी पार्टी के जीतने की संभावना बहुत कम दिख रही है। आम चुनाव में ब्रिटेन के मतदाता पीएम सुनक के 20 महीने के कार्यकाल और उनसे पहले कंजर्वेटिव पार्टी के चार प्रधानमंत्रियों के कामकाज पर अपने फैसला सुनाएंगे। सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी की सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई है, जो 2005 से सत्ता से बाहर है।

पीएम सुनक ने प्रचार अभियान के अंतिम दो दिनों के दौरान खाद्य वितरण गोदाम, सुपरमार्केट, खेत और अन्य जगहों का दौरा किया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस चुनाव का परिणाम अभी तय नहीं है। अक्टूबर 2022 में ब्रिटिश पीएम का पद संभालने वाले सुनक ने कहा कि लोग देख सकते हैं कि हम सबसे कठिन दौरे से आगे निकल चुके हैं। हमारे लिए पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं, लेकिन निस्संदेह अब चीजें पहले से बेहतर स्थिति में हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार रात को कंजर्वेटिव पार्टी की रैली को संबोधित किया, लेकिन अंतिम समय में किया गया उनका यह संबोधन भी पार्टी का हौसला नहीं बढ़ा पाया। कंजर्वेटिव पार्टी की कैबिनेट मंत्री मेल स्ट्राइड ने बुधवार को कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि लेबर पार्टी एकतरफा जीत की ओर बढ़ रही है, वहीं सभी सर्वेक्षणों में जीत की भविष्यवाणी के बाद भी लेबर पार्टी चुनाव को लेकर पूरी तरह चौंकन्नी है। पार्टी ने अपने समर्थकों से चुनाव परिणाम आने तक संघर्ष जारी रखने और ओपिनिय पोल के नतीजों को लेकर आत्मसंतुष्ट न होने का आग्रह किया है। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारमर ने छह सप्ताह के प्रचार अभियान में मतदाताओं से अपनी वामपंथी पार्टी को एक मौका देने और बदलाव के लिए वोट करने का आग्रह किया। राजनीतिक विश्लेषकों और नेताओं सहित अधिकांश लोगों को उम्मीद है कि ब्रिटेन की जनता इस बार बदलाव के वोट करेगी।






### 100 से अधिक भारतीय लड़ रहे हैं चुनाव

जिस देश ने 200 साल तक दुनिया भर में राज किया था, आज वहीं ब्रिटेन की संसद में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आम चुनाव में ऋषि सुनक समेत भारतीय मूल के कुल 107 उम्मीदवार लड़ने जा रहे हैं। संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में कुल 15 भारतीय सांसद हैं, वहीं इस बार कंजरवेटिव पार्टी के 30 ब्रिटिश भारतीय प्रत्याशी आम चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इसमें 23 नए चेहरे है। वहीं, लेबर पार्टी के 33 ब्रिटिश भारतीय प्रत्याशी है, जिसमें 26 नए चेहरों को मौका दिया गया है।

### 50 सीटों पर भारतीय निभाते हैं निर्णायक भूमिका

ब्रिटेन के करोड़ों मतदाता 4 जुलाई को हाउस ऑफ कॉमन्स के 650 सांसदों को चुनने के लिए मतदान करेंगे। खास बात यह है कि 650 में से करीब 50 सीटों पर भारतीय वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इन 50 सीटों में से 15 सीटें जैसे लेस्टर, बर्मिंघम, कॉन्वेंट्री, साउथ हॉल और हैरॉस में तो भारतीय मूल के उम्मीदवार ही पिछले दो चुनाव से जीत रहे हैं। इन सीटों पर इस बार सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को लेकर भारतीय वोटरों में गुस्सा है, तो वहीं विपक्षी लेबर पार्टी के उम्मीदवारों को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है।

## पूर्व विदेश मंत्री समेत 8 लोगों को भी कोर्ट ने किया रिहा

# पूर्व PM इमरान तोशाखाना केस में बरी

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले (तोशाखाना केस) में राहत मिल गई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इमरान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी समेत 8 लोगों को इस मामले में बरी कर दिया। मामले में बरी होने के बाद भी इमरान जेल में ही रहेंगे।दरअसल, तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में चुनाव आयोग द्वारा जेल में बंद प्रधानमंत्री को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ प्रदर्शन करने पर उन पर और उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। अब अदालत ने दर्ज मामले में खान और उनके सहयोगियों को बरी कर दिया है। जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा इस मामले में बरी किए गए अन्य नेताओं में शाह महमूद कुरैशी, शेख रशीद, असद कैसर, शहरयार अफरीदी, फैसल जावेद, राजा खुर्रम नवाज और अली नवाज अवान शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, न्यायिक मजिस्ट्रेट यासिर महमूद ने बुधवार को सुनवाई के दौरान फैसला सुनाया, जिसे बरी करने की मांग वाली याचिकाओं पर पिछले सप्ताह सुरक्षित रखा गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक इमरान खान और अन्य राजनेताओं के खिलाफ आबपारा पुलिस स्टेशन में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के तोशाखाना भ्रष्टाचार के फैसले के खिलाफ विरोध करने पर मामला दर्ज किया गया था, जिसने उन्हें सीमित समय के लिए पद पर रहने से अयोग्य घोषित कर दिया था।



### पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को PTI ने निकाला

पाकिस्तान में पीटीआई ने पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को पार्टी से निकाल दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दाएं हाथ कहे जाने वाले फवाद ने पिछले साल 9 मई की हिंसा के बाद राजनीति से ब्रेक ले लिया था। हालांकि उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ी थी। अब एक साल से अधिक वक्त बीत जाने के बाद उन पर एक्शन लिया है। पीटीआई के रऊफ हसन ने कहा कि फवाद चौधरी के अलावा इमरान इस्माइल, अली जैदी को भी पार्टी से निकाल दिया है।

## वेस्ट बैंक में इजराइली टोही विमान ने किया अटैक

# हवाई हमले में मारे गए 4 फिलिस्तीनी

एजेंसी | रामल्ला

उत्तरी वेस्ट बैंक के तुल्कर्म शहर में नूर शम्स शरणार्थी शिविर पर इजराइली हवाई हमले में चार फिलिस्तीनी मारे गए।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि एक इजराइली टोही विमान ने नूर शम्स शरणार्थी शिविर के मुख्य चौराहे पर युवाओं के एक समूह को मिसाइल से निशाना बनाया। इस हवाई हमले में चार युवक मारे गए। उधर, इजराइली सेना ने एक बयान में पुष्टि की कि उसने नूर शम्स शिविर में हमला किया और दावा किया कि उसने 'एक सेल' को निशाना बनाया जब वह एक विस्फोटक उपकरण रख रहा था। तुल्कर्म के गवर्नर मुस्तफा ताकाताका ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे तुल्कार्म और वेस्ट बैंक में नागरिकों के खिलाफ बढ़ती आक्रामकता और चल रहे इजराइली अपराधों के रूप में वर्णित किया। फिलिस्तीनी और इजराइली सूत्रों के अनुसार, यह घटना रविवार को नूर शम्स शिविर में एक घर पर इजराइली हवाई हमले में एक फिलिस्तीनी की हत्या और पांच अन्य के घायल होने के बाद हुई है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले अक्टूबर में गाजा पट्टी में इजराइली-फिलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में इजरायल द्वारा 550 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl